▪ पौष कृष्णा - 30 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 167 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » गुरुवार » 11-01-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 अखिलेश यादव के रट्टू तोता हैं सपा के नेता : केशव मौर्य
6 राम मंदिर के माध्यम से हिंदुओं को एकजुट करने का प्रयास
7 कांग्रेस विपक्षी दल बनने के लायक भी नहीं है : नड्डा




## फर्स्ट टेक

### लाल सागर में अमेरिकी जहाजों को निशाना बना रहा है हाउती

**सना/वार्ता।** यमन के हाउती समूह लाल सागर में अमेरिका के जहाजों को निशाना बना रहा है। समूह ने बुधवार को घोषणा की कि उसने लाल सागर में अमेरिकी नौसेना के एक जहाज की ओर ड्रोन और मिसाइलों का 'एक बड़ा बैच' लॉन्च किया है, जो इजरायल की सहायता कर रहा था। समूह के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने एक बयान में कहा कि समूह के लड़ाकों ने अमेरिकी जहाज की ओर बड़ी संख्या में बैलिस्टिक और नौसैनिक मिसाइलें और ड्रोन लॉन्च किए। उन्होंने कहा कि यह हमला 31 दिसंबर, 2023 को लाल सागर में हाउती जहाजों को डुबाने के अमेरिकी हमले की प्रारंभिक प्रतिक्रिया है। इससे पहले दिन में, यमन के लाल सागर बंदरगाह शहर होदेइदाह के निवासियों ने रात के आकाश में कई ड्रोन और मिसाइलों को लाल सागर की ओर जाते हुए देखने की सूचना दी थी।

### इंडोनेशिया का लेवोटोबी ज्वालामुखी फिर से फटा

**जकार्ता/वार्ता।** इंडोनेशियाई का लेवोटोबी ज्वालामुखी में फिर से विस्फोट शुरु हो जाने से अधिकारियों ने लेवोटोबी ज्वालामुखी पर चेतावनी की स्थिति को उच्चतम स्तर तक बढ़ा दिया है। ज्वालामुखी से हवा में 1.2 मील तक ऊंची राख उगल रही है। इंडोनेशियाई मीडिया ने बुधवार को यह खबर दी। पूर्वी इंडोनेशिया में फ्लोर्स द्वीप पर स्थित पर्वत पर कई सप्ताह तक तीव्र ज्वालामुखी गतिविधि के बाद विस्फोट शुरू हुआ, जिससे स्थानीय सरकार को आसपास के गांवों को खाली करने का आदेश देना पड़ा। एक जनवरी को, ज्वालामुखी विज्ञान और भूवैज्ञानिक खतरा शमन केंद्र ने ज्वालामुखी की खतरे की स्थिति को दूसरे से तीसरे स्थान पर बढ़ा दिया। अंतरा समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, अलर्ट स्तर चार घोषित किया है। पहाड़ पर ज्वालामुखी गतिविधि बढ़ रही है। लेवोटोबी के आसपास रहने वाले लोगों और पर्यटकों को विस्फोट के केंद्र के आसपास चार किलोमीटर के दायरे और ज्वालामुखी के पांच किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में एक क्षेत्रीय क्षेत्र में कोई भी गतिविधि करने की अनुमति नहीं है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती सरकार के 10 साल के सुधारों का परिणाम : मोदी

## भारत को स्थिरता के महत्वपूर्ण स्तंभ, भरोसेमंद मित्र, वृद्धि के इंजन के रूप में देखा जा रहा है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गांधीनगर/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को विश्वास जताया कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में स्थान बना लेगा और भारतीय अर्थव्यवस्था की आज दिख रही मजबूती उनकी सरकार के 10 साल के बुनियादी आर्थिक सुधारों का परिणाम है।

मोदी 10 वें वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने सम्मेलन में दुनियाभर से जुटे राजनेताओं, नीति-नियामकों और उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक भरोसेमंद भागीदार है और दुनिया इसे स्थिरता के एक मजबूत स्तंभ के रूप में देख रही है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत का बैंकिंग क्षेत्र आज दुनिया के सबसे मजबूत बैंकिंग क्षेत्रों में से एक है। सरकार ने 40 हजार से अधिक औपचारिकताओं को खत्म कर भारत में कारोबार करना आसान बनाया है तथा माल और सेवा कर (जीएसटी) के लागू करने से करों का जाल खत्म हुआ है। मोदी ने कहा कि भारत में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के विविधीकरण का एक अच्छा वातावरण बना है। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से हो रहे विस्तार के बारे में कहा, दस साल पहले भारत 11वें स्थान पर था, आज दुनिया की हर प्रमुख रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि देश कुछ वर्षों में दुनिया की शीर्ष-3 अर्थव्यवस्थाओं में आ जाएगा। दुनिया के लोग जो विशेषण करते रहें, मेरी गारंटी है कि यह होकर रहेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ऐसे समय में जब विश्व अनेक अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है, भारत विश्व में आशा की एक नई किरण बनकर के उभरा है। भारत की प्राथमिकताएं बिल्कुल स्पष्ट हैं। आज स्वस्थ उद्योग, अवसंरचना और विनिर्माण भारत की प्राथमिकता है।

## महाराष्ट्र विधानसभाध्यक्ष नार्वेकर ने दिया फैसला

# एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला गुट ही असली शिवसेना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने बुधवार को कहा कि 21 जून, 2022 को जब प्रतिद्वंद्वी समूहों का उदय हुआ तो शिवसेना का एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाला धड़ा ही 'असली राजनीतिक दल' (असली शिवसेना) था।



शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी धड़ों द्वारा एक-दूसरे के विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं पर अपना फैसला पढ़ते हुए नार्वेकर ने यह भी कहा कि शिवसेना (यूबीटी) के सुनील प्रभु 21 जून, 2022 से सचेतक नहीं रहे। उन्होंने कहा कि शिंदे गुट के भरत गोगावाले अधिकृत सचेतक बन गए थे। जैसे ही फैसले का आशय स्पष्ट हुआ, मुख्यमंत्री शिंदे के गुट के समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। वहीं, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा कि वह नार्वेकर के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय जाएंगे। विधानसभाध्यक्ष ने यह भी कहा कि शिवसेना प्रमुख के पास किसी भी नेता को पार्टी से निकालने की शक्ति नहीं है। उन्होंने इस तर्क को भी स्वीकार नहीं किया कि पार्टी प्रमुख की इच्छा और पार्टी की इच्छा पर्यायवाची हैं।

# भारत 2027-28 तक होगा दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था : वित्तमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गांधीनगर/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को विश्वास जताया कि भारत वित्त वर्ष 2027-28 तक पांच लाख करोड़ डॉलर से अधिक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और यह वर्ष 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की जीडीपी के साथ एक विकसित राष्ट्र होगा।

भारत इस समय लगभग 3.4 लाख करोड़ डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। अभी अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी उससे आगे हैं।

सीतारमण ने यहां 'वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आजादी के 100 साल 2047 में पूरा होने तक के अमृतकाल में नए एवं तेजी से बढ़ते उद्योगों पर जोर दिया जा रहा है।

इसके साथ ही वित्त मंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार की एफडीआई नीति ने विदेशी निवेश को आकर्षित करने में मदद की है और पिछले नौ वर्षों में 595 अरब डॉलर का निवेश आया है। उन्होंने कहा, संभव है कि हम वित्त वर्ष 2027-28 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे और हमारी जीडीपी उस समय तक पांच लाख करोड़ डॉलर से अधिक हो जाएगी। मोटे अनुमान के अनुसार वर्ष 2047 तक हमारी अर्थव्यवस्था कम-से-कम 30 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगी।

## केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को बरी करने का फैसला बरकरार

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा है, जिसमें हत्या के एक मामले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को बरी किए जाने के खिलाफ 2004 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया गया था। मामला वर्ष 2000 में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में प्रभात गुप्ता की हत्या से संबंधित है। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि वह उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ और निचली अदालत के निष्कर्षों में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है। पीठ ने आठ जनवरी को सुनाए गए अपने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल को विस्तार से सुनने और रिकॉर्ड पर रखी गई सामग्री पर गौर करने के बाद हम दोनों अदालतों के निष्कर्षों में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे खरगे, सोनिया : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



▪ कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि एक 'अर्द्धनिर्मित मंदिर' का उद्घाटन केवल चुनावी लाभ उठाने के लिए ही किया जा रहा है।

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल नहीं होंगे, क्योंकि यह भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ का आयोजन है तथा 'अर्द्धनिर्मित मंदिर' का उद्घाटन चुनावी लाभ के लिए किया जा रहा है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में यह भी कहा कि भगवान राम की पूजा-अर्चना करोड़ों भारतीय करते हैं तथा धर्म मनुष्य का व्यक्तिगत विषय है, लेकिन भाजपा और आरएसएस ने वर्षों से अयोध्या में राम मंदिर को एक 'राजनीतिक परियोजना' बना दिया है।

आगामी 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए कांग्रेस के तीन प्रमुख नेताओं खरगे, सोनिया और चौधरी को निमंत्रित किया गया था। रमेश ने कहा, पिछले महीने, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का निमंत्रण मिला। उन्होंने दावा किया, भगवान राम की पूजा-अर्चना करोड़ों भारतीय करते हैं। धर्म मनुष्य का व्यक्तिगत विषय होता आया है, लेकिन भाजपा और आरएसएस ने वर्षों से अयोध्या में राम मंदिर को एक राजनीतिक परियोजना बना दिया है।

| | |
|---|---|
| 11-01-2024 सूर्यास्त 6:10 बजे | 12-01-2024 सूर्योदय 6:45 बजे |
| BSE 71,657.71 (+271.50) | NSE 21,618.70 (+73.85) |
| सोना 6,571 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 73,894 रु. प्रति किलो |



## समुद्री डाकुओं पर लगाम कसने के लिए नौसेना 'सक्रियता' से अपने बेड़े तैनात कर रही : नौसेना प्रमुख

**हैदराबाद/भाषा।** नौसेना प्रमुख एडमिरल हरि कुमार ने बुधवार को कहा कि भारतीय नौसेना समुद्री डाकुओं पर लगाम कसने और उन्हें उनके जल क्षेत्र में ही सीमित रखने के लिए सक्रिय रूप से अपने बेड़े को तैनात कर रही है। नौसेना के लिए अडाणी डिफेंस और एयरोस्पेस द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित 'दृष्टि 10 स्टारलाइनर मानव रहित विमान (यूएवी) का अनावरण करने के बाद हरि कुमार ने कहा कि पिछले 40-42 दिनों के दौरान लाल सागर, उत्तरी और मध्य अरब सागर में मुख्य रूप से इजरायल के स्वामित्व या उसके ध्वज वाले अथवा उससे संबंधित जहाजों पर लगभग 35 ड्रोन हमले हुए हैं। नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि भारत के निकटतम पड़ोसियों के पास सामूहिक रूप से काफी संख्या में यूएवी हैं और इसलिए, दूरदर्शिता यही है कि देश और उसके सशस्त्र बल इस क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करना जारी रखें। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हाल ही में हमारे लिहाज से केवल दो घटनाएं (समुद्री डाकुओं द्वारा जहाजों के अपहरण का प्रयास) हुई हैं। दोनों भारतीय ध्वज वाले जहाज नहीं थे, लेकिन दूसरे मामले में चालक दल भारतीय था इसलिए हमें जवाब देना पड़ा। इसलिए हम नाव पर सवार हुए और चालक दल को बचाया...इसलिए अब हम बहुत सक्रिय रूप से वहां अपनी इकाइयां तैनात कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ये समुद्री डाकू दूर रहें।

## चारमीनार एक्सप्रेस के तीन डब्बे पटरी से उतरे, छह घायल



**हैदराबाद/भाषा।** हैदराबाद के नामपल्ली में हैदराबाद डेकन रेलवे स्टेशन पर बुधवार सुबह चेन्नई-हैदराबाद चारमीनार एक्सप्रेस के तीन डब्बे पटरी से उतर गए जिससे छह यात्रियों को मामूली चोटें आईं। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह स्टेशन चेन्नई-हैदराबाद चारमीनार एक्सप्रेस ट्रेन का अंतिम स्टेशन था।

दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) के अधिकारियों ने बताया कि जब ट्रेन स्टेशन पर पहुंची तो वह धीमी गति से चल रही थी और यह अंतिम बिंदु से आगे निकल गई जिससे इसके तीन डब्बे एस2, एस3 और एस6 पटरी से उतर गए। उन्होंने बताया कि डब्बों के पटरी से उतर जाने के बाद लगे झटकों से छह यात्री घायल हो गए।

## हाफिज सईद पाक सरकार की हिरासत में 78 साल की सजा काट रहा है : संयुक्त राष्ट्र



**संयुक्त राष्ट्र/भाषा।** मुंबई आतंकी हमले का मुख्य साजिशकर्ता और लश्कर-ए-तैयबा का सरगना हाफिज सईद पाकिस्तान सरकार की हिरासत में है और आतंक के वित्तपोषण मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद 78 साल की सजा काट रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने अद्यतन जानकारी में इस बात की पुष्टि की है। दिसंबर 2008 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ( यूएनएससी) की 'अल-कायदा प्रतिबंध समिति' ने सईद (73) को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया था। प्रतिबंध समिति ने संयुक्त राष्ट्र की वेबसाइट पर कहा, आतंकवाद के वित्तपोषण से संबंधित सात मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद से वह (सईद) पाकिस्तान सरकार की हिरासत में है और 12 फरवरी 2020 से 78 साल की कैद की सजा काट रहा है।

### मिशन मंडेला
**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### हिंदी सीखिए

निज भाषाओं को सब सीखे,
बोलें पढ़ें करें सब बोध।
पर दूजे भाषा-भाषी पर,
व्यर्थ कर रहे कुछ दल क्रोध।
हिन्दी हो सम्पर्क की भाषा,
इसका क्यों कर रहे विरोध।
कारण केवल वोट सियासत,
जन-मन चाहे कर ले शोध।।

# मालदीव में भारत विरोधी भावना को विदेशी ताकतें दे रहीं बढ़ावा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** मालदीव के साथ चल रहे राजनयिक विवाद के बीच द्वीप देश में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र की पूर्व निदेशक सैयद तनवीर नसरीन ने इस बात को रेखांकित किया है कि मौजूदा स्थिति कोई अचानक से पैदा नहीं हुई है, बल्कि यह लंबे समय से चली आ रही भारत विरोधी भावना की अभिव्यक्ति है, जिसे विदेशी ताकतें बढ़ावा देती रही हैं। साल 2019 से 2023 तक मालदीव गणराज्य के माले में भारतीय उच्चायोग में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र की निदेशक के रूप में कार्य करने वाली नसरीन ने भारत की 'सॉफ्ट पावर' का मुकाबला करने में चीन और पाकिस्तान के बढ़ते प्रभाव पर अपने विचार साझा किए।

'सॉफ्ट पॉवर' शब्द का प्रयोग अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में किया जाता है, जिसके तहत कोई देश परोक्ष रूप से सांस्कृतिक अथवा वैचारिक साधनों के माध्यम से किसी अन्य देश के व्यवहार अथवा हितों को प्रभावित करता है। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में मौजूदा कूटनीतिक विवाद को 'दुर्भाग्यपूर्ण' करार दिया और 'मालदीव का बहिष्कार करने' जैसी प्रतिक्रियावादी भावनाओं के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा, जो कुछ हो रहा है, वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और मैं मालदीव के अपदस्थ तीन मंत्रियों की टिप्पणियों (प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ) की निंदा करती हूं। लेकिन मैं कहूंगी कि यह अचानक या अकेली घटना नहीं है। भारत विरोधी भावनाओं को पिछले कुछ समय से विदेशी ताकतों के इशारे पर भड़काया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में, भारत में मालदीव के राजदूत को विदेश मंत्रालय ने तलब किया था। हालांकि, मालदीव सरकार ने स्पष्ट किया कि ये टिप्पणियां उसके आधिकारिक विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं। कोविड महामारी के दौरान मालदीव के राजनीतिक परिदृश्य को रेखांकित करते हुए नसरीन ने आक्रामक भारत-विरोधी अभियान पर भी प्रकाश डाला, जिसने बाद में जाकर जोर पकड़ा और इसके मद्देनजर वहां के विपक्षी नेताओं ने न केवल भारतीय सेना को हटाने की मांग की, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दूरी बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि मालदीव में पिछली एमडीपी सरकार भारत समर्थक थी, लेकिन कोविड काल के दौरान जो विपक्षी राजनीति तेज हुई, वह 'भारत के खिलाफ' घूमती रही। उन्होंने कहा, यह एक आक्रामक भारत विरोधी अभियान था। वे न केवल भारतीय सेना को बाहर करना चाहते थे, बल्कि भारत को सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से भी बाहर करना चाहते थे। इससे पहले माले में, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए पार्कों और सामुदायिक केंद्रों तक हमारी पहुंच बहुत आसान थी, लेकिन मालदीव के वर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के माले के मेयर बनने के बाद, यह आसान पहुंच काफी हद तक कम हो गई थी।

# नवीकरणीय ऊर्जा के जरिये गुजरात की आधी बिजली जरूरतों को पूरा करने में करेंगे मदद: मुकेश अंबानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गांधीनगर/भाषा।** उद्योगपति मुकेश अंबानी ने बुधवार को कहा कि उनकी कंपनी रिलायंस हजीरा में भारत की पहली तथा विश्वस्तरीय कार्बन फाइबर सुविधा स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि उनका समूह 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा के जरिये गुजरात की आधी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगा।

अंबानी ने 10वें द्विवार्षिक वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उनके समूह रिलायंस इंडस्ट्रीज ने देश में पिछले 10 साल में 150 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है और इसमें से एक-तिहाई से अधिक निवेश केवल गुजरात में किया गया है। उन्होंने मंच पर मौजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें भारत का सबसे सफल प्रधानमंत्री तथा वर्तमान पीढ़ी का सबसे महान वैश्विक नेता बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को 2047 तक 35,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से नहीं रोक सकती।



अंबानी ने सम्मेलन को 'दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित निवेशक शिखर सम्मेलन' करार दिया। वीजीजीएस की शुरुआत करीब दो दशक पहले की गई थी जब मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने कहा, रिलायंस ने पिछले सिर्फ 10 वर्ष में पूरे भारत में विश्वस्तरीय संपत्ति तथा क्षमताएं स्थापित करने में 150 अरब डॉलर (12 लाख करोड़) से अधिक का निवेश किया है। इसमें से एक-तिहाई से अधिक निवेश गुजरात में किया गया है। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी रिलायंस हजीरा में भारत की पहली तथा विश्वस्तरीय कार्बन फाइबर सुविधा स्थापित करेगी। साथ ही रिलायंस गुजरात को हरित वृद्धि में वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थिति हासिल करने में योगदान देगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन ने कहा, हम 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा के जरिये गुजरात की आधी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लक्ष्य में मदद करेंगे।

अंबानी ने कहा, रिलायंस ने जामनगर में 5,000 एकड़ में धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू कर दिया है। इससे बड़ी संख्या में नौकरियों का सृजन होगा और हरित उत्पाद तथा सामग्रियों का उत्पादन संभव होगा जो गुजरात को हरित उत्पादों का अग्रणी निर्यातक बना देगा। उन्होंने कहा कि 2036 ओलंपिक के लिए भारत की दावेदारी के लिए रिलायंस तथा रिलायंस फाउंडेशन गुजरात में कई अन्य साझेदारों के साथ मिलकर शिक्षा, खेल और कौशल के बुनियादी ढांचे में सुधार करेंगे जो विभिन्न खेलों में कल के चैंपियन तैयार करेगा।

अंबानी ने कहा, दुनिया की कोई भी ताकत भारत को 2047 तक 35,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से नहीं रोक सकती। मुझे लगता है कि अकेले गुजरात ही तबतक 3,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।



## मारुति गुजरात में दूसरा विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 35,000 करोड़ रु. का निवेश करेगी: सुजुकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गांधीनगर/भाषा।** सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी ने बुधवार को कहा कि मारुति सुजुकी इंडिया गुजरात में अपनी दूसरी विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए 35,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी का लक्ष्य 2030-31 तक वार्षिक उत्पादन क्षमता को 40 लाख इकाई से अधिक तक बढ़ाना है।

वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन (वीजीजीएस) के 10वें संस्करण में तोशीहिरो ने कहा कि संयंत्र की स्थापित उत्पादन क्षमता 10 लाख इकाई प्रति वर्ष होगी।

तोशीहिरो ने कहा, हम गुजरात में दूसरे कार संयंत्र के निर्माण के लिए 35,000 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे, जो हर साल 10 लाख इकाई का उत्पादन करेगा। उन्होंने कहा कि नए संयंत्र का परिचालन वित्त वर्ष 2028-29 में शुरू होने की उम्मीद है। इसका स्थान और उत्पादित किए जाने वाले मॉडल का विवरण उचित समय पर साझा किया जाएगा। तोशीहिरो ने कहा कि इसके साथ ही गुजरात में वार्षिक उत्पादन क्षमता 20 लाख इकाई हो जाएगी। सुजुकी मोटर गुजरात में 10 लाख इकाई और दूसरे नए संयंत्र में 10 लाख इकाई का निर्माण किया जाएगा।

मारुति सुजुकी इंडिया में सुजुकी मोटर की करीब 58 प्रतिशत हिस्सेदारी है। तोशीहिरो ने कहा कि विनिर्माण उद्योगों के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व और निरंतर समर्थन से भारतीय मोटर वाहन बाजार लगातार विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसके दम पर भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मोटर वाहन बाजार बन गया है। तोशीहिरो ने कहा, हमने भारत में उत्पादन क्षमता में भी काफी वृद्धि की है। हमें 10 साल पहले की तुलना में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में वाहन उत्पादन में 1.7 गुना और निर्यात बिक्री में 2.6 गुना वृद्धि की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सुजुकी समूह का पहला बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) इस साल के अंत तक सुजुकी मोटर गुजरात से ही पेश किया जाएगा।

## अडाणी समूह अगले पांच साल में गुजरात में दो लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा: गौतम अडाणी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गांधीनगर/भाषा।** उद्योगपति गौतम अडाणी ने बुधवार को कहा कि उनका समूह अगले पांच साल में गुजरात में दो लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा। इस राशि का बड़ा हिस्सा राज्य में एक स्वच्छ ऊर्जा परियोजना स्थापित करने में खर्च किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि यह परियोजना अंतरिक्ष से भी दिखाई देगी।

समूह सौर मॉड्यूल, पवन टर्बाइन और हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर के निर्माण के लिए तीन गीगा कारखानों का निर्माण भी कर रहा है।

गुजरात के कच्छ में वह 725 वर्ग किलोमीटर में फैला दुनिया का सबसे बड़ा हरित ऊर्जा पार्क बना रहा है। यह सौर ऊर्जा से 30 गीगावाट बिजली का उत्पादन करने में सक्षम होगा और साथ ही सौर तथा पवन के लिए एक एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करेगा।

वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन (वीजीजीएस) के यहां आयोजित 10वें संस्करण में अडाणी ने कहा, अगले पांच वर्षों में अडाणी समूह गुजरात में दो लाख करोड़ रुपए से अधिक यानी 25 अरब डॉलर का निवेश करेगा। इससे एक लाख से अधिक प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन होगा। उन्होंने कहा, समूह कच्छ के खावडा में दुनिया के सबसे बड़े 725 वर्ग किलोमीटर में फैले हरित ऊर्जा पार्क का निर्माण कर रहा है, जो 30 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करेगा और अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा।

हरित आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण खंड सबसे बड़े एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा, इसमें सौर पैनल, पवन टर्बाइन, हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइज़र, हरित अमोनिया, पीवीसी और तांबे तथा सीमेंट उत्पादन का विस्तार शामिल है।

अडाणी ने कहा कि उन्होंने पिछले शिखर सम्मेलन में 2025 तक 55,000 करोड़ रुपए का निवेश करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की थी, जिसमें से 50,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश समूह कर चुका है। उन्होंने कहा, यह उपलब्धि अद्वितीय है। खासकर इस दशक के भू-राजनीतिक संघर्षों और वैश्विक महामारी की चुनौतियों को देखते हुए।



## जीडीपी में 7.3% की वृद्धि बेहद सकारात्मक, माहौल उत्साहजनक: एसबीआई चेयरमैन

**गांधीनगर/भाषा।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रहने के अनुमान को बुधवार को बेहद सकारात्मक बताया। खारा ने 'वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन' के पहले दिन कहा कि वर्तमान में समग्र आर्थिक माहौल 'बहुत उत्साहजनक' है।

पिछले सप्ताह राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपने अग्रिम अनुमान में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.3 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी। जीडीपी की अनुमानित वृद्धि दर उन सभी मौजूदा अनुमानों से कहीं अधिक है जिनमें अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत से कम रहने की बात कही गई थी। हालांकि, आरबीआई ने पिछले महीने अपने अनुमान को 6.5% से बढ़ाकर 7% करने के साथ नए आकलन को 'रुढ़िवादी' भी बताया था। देश के सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के कारोबारी नजरिये के बारे में पूछे जाने पर खारा ने कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। एक फरवरी को पेश होने जा रहे आगामी बजट से अपनी अपेक्षाओं के बारे में पूछे जाने पर खारा ने कहा कि यह एक लेखानुदान होगा लिहाजा बजट में बड़े नीतिगत निर्णयों की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

## डीपी वर्ल्ड ने गुजरात के साथ 25,000 करोड़ रुपए के निवेश समझौते किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** वैश्विक लॉजिस्टिक प्रबंधन एवं सेवा फर्म डीपी वर्ल्ड ने बुधवार को कहा कि उसने गुजरात सरकार के साथ 25,000 करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत वह नए बंदरगाह, टर्मिनल और आर्थिक क्षेत्र विकसित करेगी।

कंपनी ने बयान में कहा कि वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन के दौरान गांधीनगर में इस आशय के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान भी मौजूद रहे। डीपी वर्ल्ड ग्रुप के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुल्तान अहमद बिन सुलायम ने गुजरात सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव एम के दास के साथ संभावित निवेश के समझौतों पर हस्ताक्षर किए। बयान के मुताबिक, कंपनी दक्षिण गुजरात और कच्छ की ओर पश्चिमी तट के करीब बहुद्देशीय बंदरगाह, जामनगर एवं कच्छ में विशेष आर्थिक क्षेत्र और दाहेज, वडोदरा, राजकोट, बेदी एवं मोरबी में गति शक्ति कार्गो टर्मिनलों एवं निजी माल ढुलाई स्टेशनों का विकास करेगी। डीपी वर्ल्ड ने गुजरात के तट पर अतिरिक्त बंदरगाह विकसित करने के अवसरों की पहचान के लिए गुजरात मेरिटाइम बोर्ड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं। गुजरात में डीपी वर्ल्ड पहले से ही मुंद्रा में एक कंटेनर टर्मिनल के साथ अहमदाबाद और हजीरा में रेल से जुड़े निजी माल ढुलाई टर्मिनल संचालित कर रही है।

## आर्सेलर मित्तल 2029 तक हजीरा में दुनिया के सबसे बड़े इस्पात विनिर्माण कारखाने का करेगा निर्माण

**गांधीनगर/भाषा।** आर्सेलर मित्तल के कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मी मित्तल ने बुधवार को कहा कि कंपनी 2029 तक गुजरात के हजीरा में दुनिया के सबसे बड़े इस्पात विनिर्माण कारखाने का निर्माण करेगी। वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन (वीजीजीएस) के यहां आयोजित 10वें संस्करण में मित्तल ने कहा कि कारखाने की क्षमता 2.4 करोड़ टन प्रति वर्ष होगी। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन में आर्सेलर मित्तल ने हजीरा संयंत्र के दूसरे चरण के लिए गुजरात सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। मित्तल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2021 में हजीरा संयंत्र के पहले चरण का भूमि पूजन किया था। 2026 में उसे शुरू करने के लिए निर्धारित कार्यक्रम के तहत निर्माण कार्य जारी है।



## विकसित भारत केवल ख्वाब नहीं, हकीकत बन सकता है: नीति सीईओ

**गांधीनगर/भाषा।** नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी वी आर सुब्रमण्यम ने बुधवार को कहा कि विकसित भारत केवल ख्वाब नहीं है बल्कि यह हकीकत बन सकता है। मोटे अनुमान के तौर पर भी भारत 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा।

सुब्रमण्यम ने दसवें वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत लंबी छलांग लगाने की स्थिति में है। उन्होंने कहा, विकसित भारत केवल सपना नहीं है, बल्कि इसे हकीकत में बदला जा सकता है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि भारत को 2047 तक 30,000 अरब डॉलर की विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एक दृष्टिकोण पत्र तैयार किया जा रहा है। इसे जनवरी के अंत तक प्रधानमंत्री जारी करेंगे। सुब्रमण्यम ने कहा, मोटे अनुमानों के तौर पर भारत 2047 तक 30,000 डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सभी राज्य विकसित हो जाएं, तो राष्ट्र भी विकसित हो सकता है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा कि भारत में भौतिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे में बड़े पैमाने पर विस्तार हुआ है। भारत अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

## टाटा समूह गुजरात में 'सेमीकंडक्टर फैब' का करेगा निर्माण : एन. चंद्रशेखरन



**गांधीनगर/भाषा।** टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बुधवार को कहा कि टाटा समूह गुजरात के धोलेरा में एक विशाल 'सेमीकंडक्टर फैब' बनाने की योजना बना रहा है और इसका परिचालन 2024 में शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर बातचीत अंतिम चरण में है। वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन (वीजीजीएस) के यहां आयोजित 10वें संस्करण में चंद्रशेखरन ने कहा, टाटा समूह ने एक संकल्प किया था जो पूरा होने की कगार पर है। हम धोलेरा में विशाल 'सेमीकंडक्टर फैब' की घोषणा करते हैं। चेयरमैन ने कहा कि समूह दो महीने में राज्य के साणंद में लिथियम आयन बैटरी बनाने के लिए 20 गीगावॉट की गीगाफैक्टरी भी शुरू करने वाला है। चन्द्रशेखरन ने कहा कि हाल के दिनों में समूह ने साणंद में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। साणंद समूह की सभी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) प्रौद्योगिकी के लिए एक गंतव्य बन गया है। उन्होंने कहा कि ईवी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए साणंद में विस्तार किया गया। चंद्रशेखरन ने कहा कि इसके अलावा समूह अभी वडोदरा में सी-295 रक्षा विमान भी बना रहा है और बाद में धोलेरा में इसका निर्माण शुरू करेगा।



## गडकरी ने पंजाब में 4,000 करोड़ रुपए की 29 राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**होशियारपुर/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को पंजाब में 4,000 करोड़ रुपए लागत की कुल 29 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

इन परियोजनाओं में लुधियाना में लाडोवाल बाईपास, लुधियाना में छह-लेन वाले फ्लाईओवर और दो-लेन वाले रोड-ओवर ब्रिज, जालंधर-कपूरथला खंड को चार लेन में बदलने और जालंधर-मक्खू सड़क पर तीन पुलों का निर्माण शामिल है। गडकरी ने होशियारपुर-फगवाड़ा सड़क को चार लेन में बदलने और फिरोजपुर बाईपास को चार लेन बनाने सहित कई परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इस मौके पर गडकरी ने यहां एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार देशभर में कई एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रही है जिससे जगहों के बीच की दूरी कम हो रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब से दिल्ली, चंडीगढ़, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा तक बेहतर संपर्क सुविधा के लिए 1.20 लाख करोड़ रुपए की लागत से पांच नए एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारे बनाए जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद सोम प्रकाश और भारतीय जनता पार्टी की पंजाब इकाई के प्रमुख सुनील जाखड़ भी मौजूद थे।

## एनसीसी शिविर में कैडेट हैं कथक नर्तकी बहनों से लेकर आईएएफ पायलट बनने का सपना देख रही छात्राएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कथक नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त जुड़वा बहनें रिद्धि और सिद्धि शर्मा यहां राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के गणतंत्र दिवस शिविर में मार्चिंग अभ्यास से बहुत पहले एक-दूसरे से कदमताल कर रही हैं।

ये दोनों बहन कक्षा आठवीं की छात्राएं हैं और उस कैडेट के समूह में शामिल थीं जिन्होंने यहां भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी द्वारा उनके लिए आयोजित स्वागत समारोह में हिस्सा लिया था। अकबर रोड स्थित 'एयर हाउस' में आयोजित समारोह के दौरान एनसीसी के विभिन्न निदेशालयों की चयनित टुकड़ियां मौजूद थीं।



'पीटीआई' ने इनमें से कुछ कैडेट से बातचीत की और उन्होंने दिल्ली छावनी क्षेत्र में होने वाले वार्षिक एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का हिस्सा बनने के अपने सपने, आकांक्षाएं और अनुभव साझा किए। केरल की मूल निवासी एवं तिरुवनंतपुरम के एक कॉलेज में पढ़ने वाली एनसीसी की एयर विंग कैडेट अंजलि जी ने कहा, मेरा सपना भारतीय वायुसेना में शामिल होना और पायलट बनना है। अलप्पुझा की रहने वाली 19 वर्षीय लड़की ने कहा कि दिन में शिविर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान वायुसेना प्रमुख के संबोधन ने उसे सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा, स्कूल के दिनों से ही मुझे उड़ान भरने का शौक रहा है और हमने महिला पायलटों के बारे में भी पढ़ा है। मुझे लगता है कि एनसीसी प्रशिक्षण से भविष्य में हमें फायदा मिलेगा। एनसीसी निदेशालय (केरल और लक्षद्वीप) में उनकी साथी कैडेट का कहना है कि अंजलि मार्चिंग दस्ते के लिए चुनी गई उन कैडेट में से हैं, जो 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा होंगी। उन्होंने कहा, हम बड़ी परेड के लिए अभ्यास कर रहे हैं, और हम तैयारी के लिए तड़के उठते हैं।

## व्यवधान, विरोध प्रदर्शन केरल में सत्तारूढ़ वामपंथ के 'संस्कारों' में शामिल : राज्यपाल खान

**मलाप्पुरम/भाषा।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को राज्य में सत्तारूढ़ वामपंथियों पर निशाना साधते हुए कहा कि व्यवधान, अपमान और विरोध उनके 'संस्कारों' में शामिल हैं और यही कारण है कि वे सत्तारूढ़ होने के बावजूद आंदोलन में शामिल रहते हैं। खान ने यहां पोन्नानी के रास्ते में 'स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' (एसएफआई), डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई-एम) कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें दिखाए गए काले झंड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है। पार्टी के जो सदस्य राज्य में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं, वे सड़कों पर व्यवधान पैदा कर रहे थे।

सीपीआई (एम) और उसकी छात्र शाखा एसएफआई एवं युवा शाखा डीवाईएफआई के कार्यकर्ताओं ने यहां पोन्नानी में राज्यपाल को उस वक्त काले झंडे दिखाए जब वह कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित समारोह में शामिल होने जा रहे थे। खान ने राज्य में वामपंथी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा,'' अगर किसी एलियन जो इस जगह को नहीं जानता है, वह भी पूछे कि वे (प्रदर्शनकारी) कौन हैं तो आप क्या जवाब देंगे? वे उस पार्टी के सदस्य हैं जिसे केरल में सरकार चलाने के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा,''अगर वे सत्ताधारी दल के हैं तो विरोध कैसे कर पा रहे हैं? क्या आपने कभी किसी सत्ताधारी दल को विरोध करते हुए सुना है? इसका जवाब यह होगा कि उनके 'संस्कार' व्यवधान, अपमान और विरोध के हैं और वे इसमें इतने अभ्यस्त हैं कि वे भूल जाते हैं कि उन्हें राज्य में सरकार चलाने के लिए चुना गया है। यह अफसोस की बात है। खान ने कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से कहा,''यहां हर कोई जानता है कि उन्होंने अतीत में कितनी हिंसा की है। इसलिए, इसमें कुछ भी नया नहीं है और मैं उन्हें कोई महत्व नहीं देना चाहता। राज्यपाल को काले झंडे दिखाने से पहले एसएफआई ने दिवंगत कांग्रेस नेता पी. टी. मोहन कृष्णन की स्मृति में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए खान के आगमन से कुछ घंटे पहले पोन्नानी में जगह-जगह बैनर लगाए जिन पर लिखा था, श्रीमान कुलाधिपति आपका यहां स्वागत नहीं है' और 'श्रीमान कुलाधिपति यह वह जगह है जहां के बहुत से लोगों को आप खूनी अपराधी कहते हैं, सावधान रहें'।






## आंध्र प्रदेश चुनाव: निर्वाचन आयोग पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रतिबद्ध, सीईसी ने कहा

**विजयवाड़ा/भाषा।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि निर्वाचन आयोग पारदर्शी तरीके से और प्रलोभन मुक्त माहौल में चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सभी अपराधियों से सख्ती से निपटने के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

कुमार ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आयोग ने चुनाव मशीनरी और संपूर्ण नौकरशाही को निष्पक्ष, पारदर्शी और सभी हितधारकों के लिए सुलभ होने पर जोर दिया है और उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए हैं। निर्वाचन आयोग की टीम ने कई राजनीतिक दलों से मुलाकात की है, जिन्होंने नकदी बांटे जाने पर नियंत्रण से लेकर वोटों को प्रभावित करने और प्रलोभन-मुक्त चुनावों के लिए सख्त कार्रवाई करने जैसे कई अनुरोध किए हैं। कुमार ने कहा, ऐसा नहीं है कि आप सिर्फ शराब के छोटे संचालकों, शराब ले जाने वालों पर ही कार्रवाई करें। उन सरगनाओं को पकड़ें जिनके जरिये अपराध को अंजाम दिया जाता है। इसी तरह, बैंकों, वॉलेट, यूपीआई, किसी भी माध्यम से नकदी के हस्तांतरण की स्थिति में उस पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

# बच्चे का अंतिम संस्कार किया गया, मां पर हत्या का आरोप

## गोवा हत्याकांड

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/पणजी। कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरु में उस चार-वर्षीय बच्चे का अंतिम संस्कार उसके पिता ने बुधवार को कर दिया, जिसकी हत्या कथित तौर पर उसकी मां ने ही कर दी थी। आरोपी मां सूचना सेठ बेंगलुरु की एआई-आधारित एक स्टार्टअप कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी है। वहीं दूसरी ओर गोवा पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि यह सुनियोजित हत्या का मामला हो सकता है।

मृतक के पिता वेंकट रमन अपने बच्चे का शव चित्रदुर्गा से लेकर एक स्थानीय अपार्टमेंट पहुंचे, जहां उसके अंतिम संस्कार का शुरुआती क्रिया-कर्म किया गया। इसके बाद शव को राजाजी नगर स्थित हरिश्चंद्र घाट ले जाया लाया गया और वहां रमन ने उसका अंतिम संस्कार किया। बच्चे का पोस्टमार्टम मंगलवार को चित्रदुर्गा में हुआ था। सेठ को सोमवार रात को गोवा से बेंगलूरु जाने के दौरान पकड़ लिया गया था, जबकि बच्चे का शव एक सूटकेस में मिला था। उसे गोवा पुलिस के निर्देश पर गिरफ्तार किया गया था। ऐसा बताया जाता है कि सेठ अपने पति के साथ जारी तलाक की कार्यवाही से कथित तौर पर परेशान थी। इस बीच गोवा पुलिस को उस कमरे से खांसी की दवाई की दो खाली बोतल मिली है जहां 39 वर्षीय सूचना सेठ ने अपने बेटे की कथित तौर पर हत्या की थी।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दवा की बोतलों के मिलने से ऐसे संकेत मिलते हैं कि आरोपी ने अपराध से पहले बच्चे को दवा की भारी खुराक दी होगी और यह सुनियोजित हत्या का मामला है। अधिकारियों के अनुसार पोस्टमॉर्टम से सामने आया है कि दम घुटने से बच्चे की मौत हुई ओर यह काम तकिए या किसी कपड़े से किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी सेठ ने अपने बेटे की गोवा में कथित तौर पर हत्या कर दी और फिर उसके शव को बैग में भरकर टैक्सी से पड़ोसी राज्य कर्नाटक चली गई।



**सूचना सेठ बेंगलुरु की एआई-आधारित एक स्टार्टअप कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी है। वहीं दूसरी ओर गोवा पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि यह सुनियोजित हत्या का मामला हो सकता है।**

पुलिस ने बताया कि सेठ को सोमवार रात कर्नाटक के चित्रदुर्गा से गिरफ्तार किया गया और मंगलवार को उन्हें गोवा लाया गया।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि जिस सर्विस अपार्टमेंट के कमरे में महिला रुकी थी उसकी जांच के दौरान उन्हें खांसी की दवाई की दो खाली बोतल (एक बड़ी और दूसरी छोटी) मिली। उन्होंने कहा, शव के पोस्टमार्टम से यह आशंका जताई गई है कि बच्चे की गला घोंटकर हत्या की गई है और शव पर संघर्ष के कोई निशान नहीं है।

अधिकारी ने कहा, ''हम इस पहलू की जांच कर रहे हैं कि क्या महिला ने बच्चे की हत्या करने से पहले उसे खांसी की दवाई की भारी खुराक दी थी।'' उन्होंने कहा कि सर्विस अपार्टमेंट के कर्मचारियों से पूछताछ में सामने आया है कि महिला ने उनसे खांसी होने का दावा कर दवाई की एक छोटी बोतल खरीदने के लिए कहा था। वहीं, ऐसा हो सकता है कि उसके पास दवाई की बड़ी बोतल पहले से ही हो।

अधिकारी ने कहा, ''यह सुनियोजित हत्या का मामला लगता है।'' पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी ने पूछताछ के दौरान अपराध में शामिल होने से इनकार किया है और दावा किया कि जब वह सोकर उठी तो बच्चा मर चुका था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, ''हमें उसकी बातों में विश्वास नहीं है। जांच से बच्चे की हत्या के कारण का पता चलेगा। फिलहाल हमें पता है कि उसके और उसके पति के बीच अनबन चल रही थी जिसकी वजह से उसने ऐसा किया होगा।''

पुलिस ने बताया कि महिला छह जनवरी को सर्विस अपार्टमेंट में आई थी और दो दिन तक वहां रहने के बाद सोमवार को टैक्सी से बेंगलूरु चली गई। सीईओ की गिरफ्तारी के बाद गोवा के मापुसा शहर की एक अदालत ने मंगलवार को उसे छह दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। बच्चे के पिता वेंकट रमन इन दिनों इंडोनेशिया के जर्काता में रह रहे हैं और मंगलवार रात वह चित्रदुर्गा के हिरियुर पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद शव उन्हें सौंप दिया गया।

हिरियूर तालुक अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. कुमार नाइक ने संवाददाताओं को बताया, ''बच्चे की हत्या गला दबाकर की गई। ऐसा लग रहा है कि तकिया या किसी अन्य चीज का इस्तेमाल किया गया था। ऐसा नहीं लगता कि हाथों से गला घोंटा गया....।''

# दुनिया से प्रतिस्पर्धा करनी है तो गुणवत्ता बनाए रखना जरूरी : कर्नाटक उच्च न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भारत में आयातित प्लास्टिक की गुणवत्ता जांच में हस्तक्षेप के अनुरोध वाली याचिका को खारिज कर दिया है। भारत सरकार द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार देश में आयातित प्लास्टिक पर लगाया गया गुणवत्ता नियंत्रण पांच जनवरी, 2024 से प्रभावी हो गया है।

गुणवत्ता नियंत्रण के लिए इसे एक आवश्यक कदम बताते हुए उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा, 'अगर 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत शुरू से लेकर उत्पाद तैयार होने तक गुणवत्ता ठीक रहती है, तभी देश दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होगा। इस दिशा में किसी भी कदम पर यह अदालत हस्तक्षेप नहीं करेगी...।'' 'ऑल इंडिया एचडीपीई/पीपी वोवन फैब्रिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन' ने उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की थी जिस पर न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने सुनवाई की। अदालत ने आठ जनवरी को अपने फैसले में कहा कि याचिकाकर्ताओं ने संगठन और साठगांठ का विरोध करने के अलावा कोई अन्य दलील नहीं दी है।

उच्च न्यायालय ने पहले के कई फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि अदालत नीतिगत मामलों पर सरकार के सलाहकार की तरह काम नहीं कर सकता।

अदालत ने कहा, 'अगर 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत बने उत्पाद को ''मेड इन इंडिया'' टैग के तहत निर्यात करने की मांग की जाती है तो गुणवत्ता अनिवार्यता यह सुनिश्चित करेगी कि अंतिम उत्पाद सभी आवश्यक वैश्विक मानकों को पूरा करे।'

# कर्नाटक में सबरीमाला तीर्थयात्रियों को मुस्लिम परिवार ने कराया भोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोप्पल। कर्नाटक में सबरीमाला तीर्थयात्रियों के लिए 'अन्न संतर्पण' (संतुष्टि के साथ भोजन प्रदान करना) की मेजबानी कर रहे एक मुस्लिम परिवार की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इस कदम की राज्य भर में लोगों द्वारा सराहना की जा रही है।


पिंजारा समुदाय के जिला अध्यक्ष खाशिम अली मुद्दबल्ली ने उत्तरी कर्नाटक के कोप्पल शहर के जयनगर इलाके में स्थित अपने आवास पर हिंदू तीर्थयात्रियों के लिए अन्न संतर्पण कार्यक्रम की मेजबानी की थी।

तीर्थयात्रियों ने उनके घर पर भजन भी गाए और पूजा भी की। खशिम के परिवार ने भी सैकड़ों तीर्थयात्रियों के साथ भजन और पूजा में भाग लिया। खशीम ने कहा कि सभी धर्म एक हैं और सभी धर्मों का सार जानना चाहिए। हाल ही में उत्तरी कर्नाटक के छह हिंदू तीर्थयात्रियों का एक समूह जो केरल के सबरीमाला मंदिर जा रहे थे, उन्हें रात के दौरान वन्यजीवों के हमले के खतरे का सामना करना पड़ा। कोडागु जिले में एक मस्जिद के परिसर में रहने की अनुमति मिलने के बाद उन्हें राहत मिली।

कोडागु जिले के विराजपेट तालुक के एडथरा गांव में लिवाउल हुडा जुम्मा मस्जिद और मदरसा के प्रबंधन और धार्मिक प्रचारकों की हिंदू तीर्थयात्रियों को समायोजित करने के लिए प्रशंसा की गई।

बेलगावी जिले के गोकक के पास एक गांव के हिंदू तीर्थयात्रियों ने बाइक पर सबरीमाला की यात्रा की।

घने जंगल के बीच स्थित एडथारा गांव पहुंचने पर उन्हें वन्यजीवों, विशेषकर हाथियों के हमले के संभावित खतरे के बारे में पता चला। मस्जिद को देखने के बाद उन्होंने प्रबंधन से उन्हें रहने की अनुमति देने का अनुरोध किया। मस्जिद के अध्यक्ष उस्मान और पदाधिकारी खतीब कमरुद्दीन अनवरी ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और मस्जिद में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं कीं। तीर्थयात्रियों कमलेश गौरी, भीमप्पा सनादी, शिवानंद नवेदी, गंगाधर बडीडे और सिद्दरोड सनादी को भी मस्जिद के परिसर में पूजा करने की अनुमति दी गई। मस्जिद प्रबंधन के इस दिल छू लेने वाले कदम की सराहना की गई।



बेंगलूरु में बुधवार को इंदिरा भवन में आयोजित बैठक का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया एवं उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार एवं अन्य।

## राज्य के 3 करोड़ लोगों के लिए गारंटी योजना

# 'लोकसभा चुनाव जीतने के लिए मिलकर काम करना होगा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि ''लोकसभा चुनाव में पूरे देश ने, हमारी पार्टी ने कर्नाटक पर बहुत भरोसा किया है और हम सभी को मिलकर काम करना है।'' इंदिरा भवन में आयोजित पार्टी बैठक और बाद में मीडिया सम्मेलन में बोलते हुए शिवकुमार ने कहा कि लोगों से किए गए वादे के अनुसार पांच गारंटी योजनाओं को लागू करने के बाद, हमें विश्वास है कि हमारे कार्यकर्ता लोगों के पास वापस जाएंगे। इससे पहले देश में किसी भी सरकार ने सात महीने में अपना वादा पूरा नहीं किया था। हम चार गारंटी लोगों तक पहुंच चुके हैं और हम 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती पर शिव्वमोगगा में पांचवीं गारंटी युवा निधि लांच करने जा रहे हैं। हमने गारंटी योजनाओं के पर्याप्त कार्यान्वयन के लिए एक नया प्रारूप कार्यक्रम तैयार किया है। हमने बिचौलियों के हस्तक्षेप के बिना सीधे लाभार्थी के खाते में पैसा वितरित करके पारदर्शिता बनाए रखी है। योजना राज्य के 80 फीसदी परिवारों तक पहुंच चुकी है और 3 करोड़ से ज्यादा लोग इसके लाभार्थी हैं।

बैठक में कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डीके शिवकुमार ने इसी महीने की 21 तारीख को प्रदेश के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन बुलाने का सुझाव दिया है। विधायकों, जिला और ब्लॉक कांग्रेस नेताओं, सहकारी संगठनों के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारियों, ग्राम पंचायत चुनावों के विजेताओं और हारे हुए लोगों, बूथ स्तर के प्रतिनिधियों को इस सम्मेलन को आयोजित करने के लिए सूचित किया गया है और हम दो दिनों में कार्यक्रम स्थल के बारे में सूचित करेंगे। आज की बैठक में हमने मुख्यमंत्री और अपनी पार्टी के विधायकों और मंत्रियों को कुछ निर्देश दिये हैं। आश्रय समिति, पूजा समिति, ऊर्जा विभाग उप समिति, सिंचाई विभाग झील समिति, केडीपी समेत सभी समितियों के लिए इसी माह नामांकन कर लिया जाये। जिला अध्यक्षों और स्थानीय नेताओं को विश्वास में लिया जाए और जिला मंत्री इसी माह नामांकन कर कार्यकर्ताओं को सशक्त करें।





संसदीय चुनाव को देखते हुए हमने हर जिले में एक-एक मंत्री को जिम्मेदारी दी है। हमने उनके अधीन उपाध्यक्ष, प्रमुख सचिव और विधान परिषद सदस्यों की नियुक्ति की है। ब्लॉक स्तर पर मतदाता सूची के पुनरीक्षण, बीएलए की नियुक्ति के लिए जिम्मेदारी आवंटित की जाएगी। हमने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पार्टी संगठनों को ब्लॉक स्तर पर बदलाव करने और जल्द से जल्द प्रस्ताव सौंपने का निर्देश दिया है। जिले एवं विधानसभा क्षेत्रों में गारंटी योजना के हितग्राहियों की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। विधानमंडल का सत्र 12 फरवरी से शुरू होने की संभावना है। इसलिए ये सम्मेलन अगले महीने की 12 तारीख तक आयोजित किये जाने चाहिए। जिला मंत्रियों को इन सम्मेलनों की जिम्मेदारी संभालनी चाहिए।

एआईसीसी नेताओं ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए हमारे लिए एक एजेंडा तय किया है। 28 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मंत्रियों को प्रभारी नियुक्त किया गया है और कल एआईसीसी मुख्यालय में चार राज्यों के मंत्रियों की बैठक बुलाई गई है। लोकसभा चुनाव की तैयारी पर एक बैठक में एआईसीसी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, केपीसीसी अध्यक्ष डीके शिवकुमार, मुख्यमंत्रक्ष सिद्दरामैया, पूर्व मुख्यमंत्री वीरप्पा मोइली, जगदीश बुधवार को केपीसीसी कार्यालय, अवराना में शेट्टर, मंत्री परमेश्वर, एचके पाटिल, चालुवरायस्वामी, वरिष्ठ नेता बीके हरिप्रसाद और अन्य ने भाग लिया।

# कर्नाटक में मंदिरों के समूह ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप वस्त्रों पर जोर दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में मंदिरों, मठों और धार्मिक संगठनों के एक समूह ने राज्य के 500 से अधिक मंदिरों में भारतीय संस्कृति के अनुसार ड्रेस कोड' लागू करने का प्रस्ताव किया है। इनमें बेंगलूरु के 50 मंदिर शामिल हैं। समूह ने बंदोबस्ती विभाग के नियंत्रण वाले मंदिरों में 'ड्रेस कोड' लागू करने के लिए राज्य के हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती मंत्री रामलिंगा रेड्डी से अपील करने का फैसला किया है।

कर्नाटक देवस्थान-मठ मट्टू धार्मिक संस्थान 'महासंघ' के संयोजक मोहन गौड़ा ने एक बयान कहा, 'आज, जब मंदिरों में ड्रेस कोड लागू किया गया है, तो कुछ प्रगतिशील, तर्कवादी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के समर्थक शोर कर रहे हैं; लेकिन उन्हें सफेद पतलून पहनने वाले पादरियों, पाजामा पहनने वाले मौलवियों या काला नकाब पहनने वाली मुस्लिम महिलाओं के कपड़ों पर कोई आपत्ति नहीं है।'

गौड़ा ने कहा, 'ढीले कपड़ों या गैर-पारंपरिक वस्त्रों में भगवान के दर्शन के लिए मंदिर जाना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं हो सकती है।

हर किसी को घर पर और सार्वजनिक रूप से क्या पहनना है, इसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता है; लेकिन मंदिर एक धार्मिक स्थान है। हर किसी को इसके अनुरुप आचरण करना चाहिए। मंदिर परिसर में, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता नहीं बल्कि धर्म का पालन करना महत्वपूर्ण है।'

उन्होंने दावा किया कि पश्चिमी कपड़ों की तुलना में भारतीय कपड़े आध्यात्मिक रूप से अधिक शुद्ध और शालीन होते हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ प्रसिद्ध मंदिरों में 'आध्यात्मिक रूप से ड्रेस कोड' कई साल से लागू हैं जिनमें 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर, वाराणसी का काशी-विश्वेश्वर मंदिर, आंध्र प्रदेश में तिरुपति बालाजी मंदिर, केरल में पद्मनाभस्वामी मंदिर और तमिलनाडु में कन्याकुमारी में माता मंदिर शामिल हैं।

# दंपति ने बैंक ऋण के मुद्दे पर विधानसौधा के सामने आत्महत्या की कोशिश की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरु में बैंक ऋण के मुद्दे पर बुधवार को एक दंपति ने खुद पर कथित तौर पर मिट्टी का तेल छिड़क कर विधानसौधा के सामने आत्महत्या करने की कोशिश की। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक बेंगलूरु की जेजे नगर कॉलोनी की रहने वाली शाहिस्ता बानो और उनके पति मोहम्मद मुनीद उल्ला ने तीन साल पहले अपना घर गिरवी रखकर शहर के एक सहकारी बैंक से 50 लाख रुपये का ऋण लिया था।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'दंपति पहले अगरबत्ती का कारोबार करते थे और अदरक की खेती के लिए रामनगर जिले के चन्नापटना इलाके में पट्टे पर जमीन लेना चाहते थे। इतने वर्षों में ब्याज सहित कर्ज की रकम 97 लाख रुपये तक पहुंच गई और वे इसे चुका नहीं सके। जनवरी में संबंधित बैंक ने दंपति को घर नीलाम करने का नोटिस जारी किया था। बैंक ने अंततः गिरवी रखी उनके घर की नीलामी की और धनराशि प्राप्त की।'

जब दंपति ने विधान सौधा, जहां कर्नाटक का राज्य विधानमंडल और सचिवालय है, उसके भवन के सामने आत्महत्या करने की कोशिश की तो वहां मौके पर सतर्क पुलिसकर्मियों ने उन्हें ऐसा करने से रोक लिया और दोनों को हिरासत में ले लिया।

महिला का आरोप है कि उसके परिवार के साथ बैंक ने धोखाधड़ी की, जिसने उनका तीन करोड़ रुपये का घर महज 1.41 करोड़ रुपये में नीलाम कर दिया। दंपति ने न्याय की मांग की और आरोप लगाया कि बैंक प्रबंधन पिछले दो साल से उनके सवालों का जवाब नहीं दे रहा है और आवास, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ मामलों के मंत्री बीजेड जमीर अहमद खान से संपर्क करने की उनकी कोशिश भी व्यर्थ गयी है।

**पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'दंपति पहले अगरबत्ती का कारोबार करते थे और अदरक की खेती के लिए रामनगर जिले के चन्नापटना इलाके में पट्टे पर जमीन लेना चाहते थे। इतने वर्षों में ब्याज सहित कर्ज की रकम 97 लाख रुपये तक पहुंच गई और वे इसे चुका नहीं सके।**

पुलिस अधिकारी ने कहा, 'हमने दंपति को हिरासत में ले लिया और घटना के संबंध में मामला दर्ज किया। हम इस मामले की विस्तृत जांच कर रहे हैं।'

# आगामी गणतंत्र दिवस परेड में कर्नाटक की झांकी को मंजूरी नहीं दिए जाने पर भाजपा-कांग्रेस में तकरार





**सिद्दरामैया ने आरोप लगाया कि कर्नाटक में कांग्रेस की सत्ता है और ऐसा लगता है कि यह भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के लिए चिंता का विषय है। वहीं विजयेन्द्र ने कहा कि जहां तक झांकी के मुद्दे का सवाल है, कर्नाटक को पिछले 14 वर्षों से अवसर मिला है। चूंकि हर राज्य को यह अवसर दिया जाना है, इसलिए कर्नाटक को इस बार मौका नहीं दिया गया है।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक की झांकी को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने का मौका केंद्र सरकार द्वारा न दिये जाने के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया के आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने बुधवार को कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार को इस मुद्दे के राजनीतिकरण की कोशिश करने के बजाय केंद्र से संपर्क करना चाहिए।

विजयेंद्र ने संवाददाताओं से कहा, ''जहां तक झांकी के मुद्दे का सवाल है, कर्नाटक को पिछले 14 वर्षों से अवसर मिला है। चूंकि हर राज्य को यह अवसर दिया जाना है, इसलिए कर्नाटक को इस बार मौका नहीं दिया गया है।'' पिछले साल जब कर्नाटक की झांकी के प्रस्ताव को शुरू में अनुमति नहीं मिली थी तो तत्कालीन भाजपा सरकार दिल्ली गई थी और अनुरोध किया था तथा यह सुनिश्चित किया था कि राज्य को मौका मिले।

शिकारीपुरा के विधायक ने कहा, लेकिन इस बार राज्य सरकार ने ऐसा नहीं किया। जब उन्हें जानकारी मिली कि कर्नाटक को मौका नहीं मिल रहा है तो उन्हें इसे राजनीतिक मुद्दा बनाने के बजाय तुरंत केंद्र सरकार से संपर्क करना चाहिए था। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि अगले साल गणतंत्र दिवस परेड में कर्नाटक को मौका दिया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रदर्शनी में राज्य की झांकी भी शामिल होगी, ताकि राज्य के साथ कोई अन्याय न हो। उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्य से कर्नाटक की मौजूदा सरकार, खासकर मुख्यमंत्री, इसे मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे हैं।''

सिद्दरामैया ने मंगलवार को कहा था कि केंद्र सरकार ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में राज्य की झांकी को मौका नहीं देकर सात करोड़ कन्नड़ भाषियों का अपमान किया है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, कर्नाटक से कई झांकियों के प्रस्ताव भेजे गए थे, लेकिन केंद्र सरकार ने सभी को खारिज कर दिया है।

उन्होंने कहा, हमने लोकतंत्र और अपने राज्य के विकास में नालवडी कृष्णराज वाडियार के अपार योगदान को दर्शाने के लिए संबंधित झांकी की परिकल्पना की थी। हमने कर्नाटक की समृद्ध प्रकृति और ब्रांड बेंगलुरु को प्रदर्शित करने के प्रस्तावों के साथ-साथ कित्तूर रानी चेन्नम्मा और नादप्रभु केम्पेगौड़ा के योगदान को प्रदर्शित करने के लिए भी प्रस्ताव भेजे थे। हालांकि, केंद्रीय समिति ने हमारे अनुरोध को अस्वीकार कर दिया।''

सिद्दरामैया ने आरोप लगाया कि असल बात यह है कि राज्य में कांग्रेस की सत्ता है और ऐसा लगता है कि यह भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के लिए चिंता का विषय है। इस बीच, विजयेंद्र ने कहा कि तीन-चार महीने पहले कांग्रेस को लग रहा था कि वह आगामी चुनाव में कर्नाटक की कुल 28 में से 18 से 20 लोकसभा सीट जीतेगी। उन्होंने कहा, हालांकि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद कर्नाटक में स्थिति पूरी तरह बदल गई है। उन्होंने दावा, ''कर्नाटक के लोगों का रुझान स्पष्ट है। वे नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। भाजपा कर्नाटक में सहयोगी जनता दल (एस) के साथ अगले लोकसभा चुनाव में सभी सीट जीतेगी।''

# अयोध्या के लिए रवाना हुए तेल के 2100 पीपे, मुख्यमंत्री ने शोभायात्रा को किया रवाना




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को जयपुर के चांदपोल स्थित गंगा माता मंदिर से अयोध्या की सीता रसोई के लिए तेल के 2100 पीपों और राम दरबार शोभायात्रा को रवाना किया। उन्होंने कहा कि सीता रसोई के लिए सामग्री भेजना सौभाग्य की बात है। आराध्य भगवान राम हमारे रोम-रोम में बसते हैं।

शर्मा ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक केंद्र बन गया है। अयोध्या महोत्सव के साक्षी बनने वाले भक्तों के लिए सामग्री भेजने के पुण्य कार्य में जयपुरवासी सहभागी बने हैं, इसके लिए उन्हें साधुवाद देता हूं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शंखनाद के बीच राम दरबार की पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेश की सुख समृद्धि के लिए कामना की।

यह कार्यक्रम धर्मयात्रा महासंघ राजस्थान एवं श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति जयपुर की ओर से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, हवामहल विधायक बालमुकुन्दाचार्य सहित बड़ी संख्या में धर्मावलंबी उपस्थित थे।

# प्रदेश के पीएमविद्यालयों में होगा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रदेश के 402 पीएमविद्यालयों में इस माह के दूसरे पखवाड़े में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इन शिविरों के सफल आयोजन के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार करते हुए गतिविधियों के बारें में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पीएमविद्यालयों में लगने वाले इन शिविरों में डॉक्टर्स के अलावा मनोवैज्ञानिक फार्मासिस्ट एवं नर्स एवं अन्य स्वास्थ्य विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा सभी राज्यों को पीएमविद्यालयों के लिए निर्धारित गतिविधियों पर विशेष फोकस करने को कहा गया है, वर्तमान राज्य सरकार के संकल्प पत्र में भी इन विद्यालयों का विकास प्राथमिकता में शामिल है। दिलावर ने बताया कि पीएमविद्यालयों लगने वाले इन स्वास्थ्य शिविरों से स्वस्थ शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों के लिए माहौल तैयार होगा। कैम्पों में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य सम्बंधी इंडीकेटर्स की पहचान करके स्वास्थ्य कार्ड में जानकारी अपडेट की जाएगी। चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा हेल्थ स्क्रीनिंग के आधार पर विद्यार्थियों को उचित उपचार के लिए दवाएं और परामर्श दिया जाएगा। इसके साथ ही अभिभावकों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों की सहभागगिता से स्वास्थ्य सम्बंधी जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

शासन सचिव नवीन जैन ने बताया कि प्रदेश के 402 पीएमविद्यालयों में ये तीन दिवसीय विशेष कैम्प नो बैग डे के दिन शनिवार से आरम्भ होंगे। पहले दिन स्वास्थ्य जागरूकता रैली, स्वास्थ्य सम्बंधी वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिताएं जैसी गतिविधियां आयोजित होगी। आगामी कार्य दिवस को कैंप के दूसरे दिन पीएमविद्यालयों के सभी विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग होगी, इसके आधार पर चिकित्सा विशेषज्ञ स्वास्थ्य जांच एवं उपचार के लिए आवश्यक परामर्श देंगे। शिविरों के तीसरे दिन विद्यार्थियों को चश्मा एवं कैलीपर जैसी सामग्री का वितरण किया जाएगा। वहीं चिकित्सा विशेषज्ञ बीमारियों के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को विशेष जानकारी देंगे।

## राजस्थान में शीतलहर के बीच कई जगह बारिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में जारी शीतलहर के बीच कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई। मौसम केंद्र के प्रवक्ता के अनुसार राज्य में कुछ स्थानों पर घना कोहरा और शीत दिवस दर्ज किया गया है। बीते चौबीस घंटे में धौलपुर में एक मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई जबकि अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश हुई। इस दौरान सीकर में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा फलौदी में 4.6 डिग्री, बीकानेर और जैसलमेर में पांच-पांच डिग्री, सिरोही में 5.3 डिग्री, अजमेर, पिलानी, करौली और फतेहपुर में 6.2 डिग्री और एरनपुरा रोड में 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में इस दौरान न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# खूब बच्चे पैदा करो, प्रधानमंत्री मकान बनवा देंगे : खराड़ी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने अधिक बच्चे पैदा करने का समर्थन करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मकान बनवा कर देंगे इसलिए तकलीफ नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए और कोई बिना छत के न रहे। खराड़ी ने बुधवार को उदयपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, प्रधानमंत्री का सपना है कि कोई भी भूखा न सोए और कोई बिना छत के न रहे। आप बच्चे खूब पैदा करो। प्रधानमंत्री जी आपको मकान बनाकर देंगे तो तकलीफ किस बात की है।



खराड़ी की दो पत्नियां और आठ बच्चे हैं। उनके चार बेटे और इतनी ही बेटियां हैं। पूरा परिवार उदयपुर की कोटड़ा तहसील से करीब तीन किलोमीटर दूर निचला थला गांव में रहता है। उदयपुर के नाई गांव में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' शिविर के लिए बनाए गए मंच पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहे। खराड़ी ने जैसे ही यह बात कही तो सभा में मौजूद लोग हंसने लगे जबकि मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधि एक दूसरे की तरफ दिखने लगे।

मंत्री ने लोगों से 2024 के लोकसभा चुनावों में फिर से प्रधानमंत्री मोदी को वोट देने की अपील की और कहा कि सरकार लोगों के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 200 रुपये की कटौती की है और राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार अब उज्वला योजना के तहत लोगों को 450 रुपये में सिलेंडर उपलब्ध करा रही है।

खराड़ी माध्यमिक पास हैं और 2023 के विधानसभा चुनाव में झाड़ोल विधानसभा सीट से चौथी बार विधायक चुने गए हैं। इसके साथ ही 15वीं राजस्थान विधानसभा के दौरान उन्हें 2022 में सर्वश्रेष्ठ विधायक चुना गया था। उन्हें हाल ही में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल किया गया।

## ड्यूटी के दौरान प्राइवेट प्रैक्टिस करते पाए तो निलंबित कर दिया जाएगा : खींवसर

जयपुर। राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने बुधवार को कहा कि अगर कोई भी सरकारी डॉक्टर ड्यूटी के दौरान अपनी प्राइवेट प्रैक्टिस करते पाए गए तो उन्हें निलंबित कर दिया जाएगा। उन्होंने डॉक्टरों के समय पर ड्यूटी नहीं पहुंचने पर भी कार्रवाई की बात कही है। रिपोर्ट के अनुसार, स्वास्थ्य मंत्री मंगलवार को नागौर के खींवसर से जयपुर जाते समय डीडवाना-कुचामन पहुंचे थे।



कुचामन के केमिस्ट सोसायटी के सदस्यों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, लायंस क्लब के सदस्यों और राजपूत समाज के प्रतिनिधियों ने कुचामन सिटी के होटल करणी कोर्ट बायपास और मेघा प्रॉपर्टीज में मंत्री से मुलाकात की। मंत्री ने कहा, कोई भी डॉक्टर ड्यूटी के दौरान अपनी निजी प्रैक्टिस नहीं करेगा। ऐसा करते पाए जाने पर सीधे निलंबित कर दिया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा, 'मैं किसी भी तरह का समझौता नहीं करूंगा। सरकारी डॉक्टर ड्यूटी के दौरान प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं कर सकते। इसे रोकने के लिए मैं उड़न दस्ता तैनात करूंगा। मैं खुद भी जांच करूंगा। यह बहुत ही गंभीर मुद्दा है।'



# प्रधानमंत्री की गारंटियां राजस्थान में लागू हो चुकी हैं : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री श्रीमती दीया कुमारी ने बुधवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के बालाजी नगर,चरण नदी में बनने वाले उच्च जलाशय का शिलान्यास किया। बीसलपुर-पृथ्वीराज नगर पेयजल परियोजना फेज प्रथम तहत 40 करोड़ की लागत से यह जलाशय बनाया जाएगा। लगभग 22.5 लाख लीटर क्षमता के इस उच्च जलाशय के बनने से वार्ड 9 की लगभग 38 हजार आबादी को निर्बाध एवं शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उप मुख्यमंत्री ने शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटिया लागू हो चुकी हैं। उसी का परिणाम है की इस जलाशय का शिलान्यास हो रहा है। उन्होंने कहा की सरकार सभी योजनाओं को वास्तविक धरातल पर उतार रही है ताकि आमजन को वास्तविक रूप से लाभ मिलें।

उन्होंने कहा की जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हट गये है या किन्हीं कारणो से जुडे नही है। वे अपना नाम शीघ्र जुड़वाए। उन्होने लोगो से अपील की है कि सभी लोगों को विकसित भारत संकल्प यात्रा से जोडा जाएं ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारीयो को निर्देश दिए कि इस कार्य को निर्धारित अवधि एक साल से पहले पूरा करें और साथ ही गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखें। इस से पूर्व उप मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। गौरतलब है बिसलपुर-पृथ्वीराज नगर फेज प्रथम (स्टेज प्रथम एवं स्टेज) के तहत कुल 48 उच्च जलाशय बनाएं जाने है जिनमें से 8 विधाधर नगर विधानसभा क्षेत्र मे बनाए जाएंगे।




# लोकसभा चुनाव में 'इंडिया' गठबंधन जीतेगा : पायलट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने बुधवार को दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों का गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस'('इंडिया') जीतेगा और केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को पराजय मिलेगी। यहां कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में पायलट ने यह बात कही।

राज्य की करणपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी की जीत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तो चुनाव लड़ रहे अपने प्रत्याशी को मंत्री तक बनाया लेकिन मतदाताओं ने उसे हरा दिया। उन्होंने कहा, 'जनता और मतदाता इस तरह से बहकते नहीं हैं.. सही और गलत की पहचान करते हैं .. तो जनता जनार्दन अंतिम निर्णय करेगी और मुझे पूरा विश्वास है कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी 'इंडिया' गठबंधन जीतेगा। हम लोग जीतकर आयेंगे और राजग को पराजय मिलेगी।'

अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमंत्रण पर पायलट ने कहा, 'मंदिर के दर्शन करने के लिये किसी के निमंत्रण की जरूरत नहीं है.. मेरा जब मन करेगा मैं जाऊंगा और देश में जितने भी तीर्थ हैं, वहां हमारे साथी लोग जाते हैं.. यह भावनात्मक मुद्दा है.. धार्मिक मुद्दा है, मैं समझता हूं कि इस पर राजनीति करना गलत है।

भाजपा पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, 'आपको राजनीति करनी है मुद्दों पर करें। आप निवेश, गरीबों, किसान, अपनी आर्थिक नीतियों पर, महंगाई कम कैसे करें उस पर बात करें।' उन्होंने कहा, 'आस्था, धर्म, पाठ पूजा का विषय व्यक्तिगत है। हम सब भगवान राम को मानते हैं, मानते रहेंगे, लेकिन इसका भाजपा जिस तरह लाभ लेना चाहती है, मैं इसे गलत मानता हूं।' राज्य सरकार के विभागों के बंटवारे में भाजपा के वरिष्ठ नेता किरोड़ी लाल मीणा को कृषि मंत्रालय दिए जाने पर भी पायलट ने कहा, 'यह निर्णय सरकार और भाजपा का है लेकिन मैं मानता हूं उन्होंने अपनी पार्टी के लिये जो मेहनत की थी, उसे देखते हुए उनके साथ न्याय नहीं हुआ है।

## फॉर्च्यूनर गाड़ी की ट्रक से टक्कर, तीन की मौत

अलवर। राजस्थान के अलवर में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर बुधवार को फॉर्च्यूनर गाड़ी की ट्रक से टक्कर होने से उसमें सवार तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक उत्तर प्रदेश की पंजीकृत फॉर्च्यूनर गाड़ी में सवार तीन लोग जयपुर की ओर जा रहे थे। रास्ते में रैणी क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव स्थित पुलिया नंबर 140.2 पर साइड में खड़े पाइप से भरे ट्रक से उनका वाहन टकरा गया , जिससे तीन व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि मृतकों में एक की पहचान लाल बाबू तांती जिला गाजियाबाद के रूप में हुई है। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। तीनों लोगों गाड़ी से बड़ी मुश्किल से निकाला गया और पिनान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया , जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



# नवीकरणीय ऊर्जा में राजस्थान बन सकता है देश का प्रमुख हब : राठौड़

जयपुर/दक्षिण भारत। गुजरात के गांधी नगर में बुधवार से प्रारम्भ हुई तीन दिवसीय वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहे उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ तथा ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने टाटा पावर, अडाणी, टोरेंट सहित ऊर्जा क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों के प्रमुखों तथा उनके शीर्ष प्रबंधन के साथ राजस्थान में निहित व्यापक सम्भावनाओं को लेकर मुलाकात की। दोनों मंत्रियों ने कहा कि राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियां प्रमुख रूप से नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के लिए अनुकूल है। राजस्थान सौर एवं पवन ऊर्जा के क्षेत्र में देश का प्रमुख हब बनकर उभर सकता है। उन्होंने थर्मल, सोलर, पवन एवं हाइड्रो ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में इन निवेशकों को राजस्थान आने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि राजस्थान सरकार इस दिशा में उन्हें हरसंभव सहयोग करेगी। उद्योग मंत्री राठौड़ एवं ऊर्जा मंत्री नागर ने इस दौरान अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी, टाटा कैमिकल्स के एमडी एन मुकुंदन, टाटा पावर के एमडी आशीष खन्ना, टोरेन्ट पावर के एमडी जिनल मेहता, रसना ग्रुप के चेयरमैन पिरूज खंबाटा आदि उद्यमियों से प्रदेश के औद्योगिक विकास तथा एनर्जी सेक्टर को सुदृढ़ बनाने की दिशा में गहन सार्थक चर्चा की।

## बाघिन एसटी-2 की मौत, सरिस्का पहुंचे संजय शर्मा

अलवर। राजस्थान में सरिस्का टाइगर रिजर्व अभयारण्य में उम्रदराज बाघिन एसटी 2 की मौत की सूचना के बाद राज्य के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा बुधवार को सरिस्का पहुंचे। शर्मा ने बाघिन की मौत के संबंध में जानकारी ली। बाघिन की जिस एनक्लोजर में मौत हुयी, उसका उन्होंने अवलोकन भी किया। शर्मा ने इस अवसर पर मृत बाघिन राजमाता पर पुष्प माला अर्पित की और उसे श्रद्धांजलि एवं अंतिम विदाई दी। उसके बाद बाघिन का अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर सरिस्का के क्षेत्रीय निदेशक आर एन मीणा, उप वन संरक्षक डी पी जागावत, मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक अरविंदम तोमर और अन्य वन अधिकारी मौजूद थे।

शर्मा ने कहा कि वर्ष 2008 में इस बाघिन को लाया गया था जिसे राजमाता के नाम से जाना जाता था। उन्होंने कहा कि अमूमन एक टाइगर की उम्र 14 या 15 साल होती है लेकिन साढ़े 19 साल की उम्र में इसकी मौत हुई।



### जनसुनवाई

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने बुधवार को ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन से परिवेदनाओं को सुनते हुए कहा कि हमारी सरकार प्रत्येक व्यक्ति के साथ खड़ी है। शर्मा ने अधिकारियों को आमजन से प्राप्त प्रत्येक परिवेदना की जांच कर त्वरित निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

## पूनिया ने भीलवाड़ा में विशाल नंदीबैलगाड़ी सांस्कृतिक यात्रा का किया शुभारंभ

भीलवाड़ा। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने भीलवाड़ा में विशाल नंदीबैलगाड़ी सांस्कृतिक यात्रा का संत-महात्माओं के सानिध्य में बुधवार को शुभारंभ किया।



इस अवसर पर डा पूनिया ने इस यात्रा को भारतीय संस्कृति की पारंपरिक ताकत का एक अनूठा उदाहरण बताते हुए गोवंश, प्रकृति एवं संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश देने वाले इस नवाचार के सहभागी बने विश्व हिंदू परिषद एवं अपना संस्थान हरित संगम 2024 सहित सभी संस्थाओं का धन्यवाद किया। उन्होंने प्रत्येक प्रदेशवासी से सनातन मूल्यों को निरंतर मजबूती देने का आह्वान भी किया।

# पिछली सरकारों की राजनीति से प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट पैदा हो गया था: योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बरेली (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की 'परिवारवाद, जातिवाद और विभाजन' की राजनीति की वजह से प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट पैदा हो गया था।

उन्होंने राज्य को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर भी जोर दिया। योगी आदित्यनाथ ने कहा, पिछली सरकारों के दौरान परिवारवाद, जातिवाद और विभाजन की राजनीति के कारण पैदा हुआ पहचान संकट समाप्त हो गया है। आज, यदि आप देश के किसी भी राज्य में जाएं और बताएं कि आप उत्तर प्रदेश से हैं, तो आप लोगों के चेहरे पर खुशी देखेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत बरेली क्लब यात्रा मैदान में 3,405 करोड़ रुपए की 170 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं के पात्र लोगों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया।

उन्होंने कहा, आज उत्तर प्रदेश देश के सबसे प्रोग्रेसिव स्टेट (प्रगतिशील राज्य) के रूप में स्थापित हो रहा है। हमें उत्तर प्रदेश को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए मिलकर कार्य करना होगा।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प लोगों के सामने रखा है।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का हर नागरिक अपने आपको सुरक्षित महसूस करता है। लोककल्याण की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के हर पात्र व्यक्ति को मिल रही है। विकास की बड़ी योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज नए भारत का अनुसरण पूरी दुनिया कर रही है; यह भारत की 140 करोड़ की आबादी के लिए गौरव और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा, पहले की सरकारों में लोग अयोध्या का नाम लेने से झिझकते थे, लेकिन आज स्थिति बदल चुकी है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा, 500 साल की तपस्या और संघर्ष समाप्त हो चुका है। आज पूरी दुनिया अयोध्या आना चाहती है। अब अयोध्या में सड़क, हवाई और रेल संपर्क बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि अब 'नए भारत' के 'नए उत्तर प्रदेश' में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के भक्तों को त्रेतायुगीन अयोध्या के दर्शन होंगे।



## सिक्किम से भाजपा के डी टी लेप्चा का राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना जाना तय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गंगटोक/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता डी टी लेप्चा का सिक्किम से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना जाना तय है, क्योंकि दस्तावेज की जांच के दौरान उनका नामांकन पत्र सही पाया गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच रिटर्निंग ऑफिसर, अतिरिक्त रिटर्निंग ऑफिसर, पर्यवेक्षक और अन्य अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की गई।

अधिकारियों ने कहा कि 66 वर्षीय भाजपा नेता लेप्चा 30 वर्षों में राज्य से किसी राष्ट्रीय पार्टी का प्रतिनिधित्व करने वाले दूसरे राज्यसभा सदस्य होंगे। उन्होंने बताया कि कर्मा गोल्डन ने 30 मार्च 1988 से 24 फरवरी 1994 तक कांग्रेस का प्रतिनिधित्व किया था। लेप्चा, हिशे लाचुंगपा का स्थान लेंगे, जिनका राज्यसभा में सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के सदस्य के रूप में दूसरा कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है।



## प्रशंसकों ने उस्ताद राशिद खान को अंतिम विदाई दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** उस्ताद राशिद खान के पार्थिव शरीर बुधवार को यहां सरकारी सांस्कृतिक परिसर रवीन्द्र सदन में जनता के दर्शन के लिए रखा गया जहां हजारों प्रशंसकों ने शास्त्रीय गायक को अंतिम श्रद्धांजलि दी।

बहुमुखी प्रतिभा वाले शास्त्रीय गायक के पार्थिव शरीर को सफेद फूलों से सजे ताबूत में रखा गया था। उन्हें बंदूक की सलामी भी दी गई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी रवीन्द्र सदन में मौजूद थे। गायिका उषा उथुप, गायक पंडित अजय चक्रवर्ती, उनकी बेटी और गायिका कौशिकी चक्रवर्ती उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए रवीन्द्र सदन पहुंचे लोगों में शामिल थे। उथुप ने कहा, राशिद भाई मेरे छोटे भाई की तरह हैं जो इतनी जल्दी चले गए।

हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत को अनगिनत श्रोताओं के लिए सुलभ बनाने वाले खान का प्रोस्टेट कैंसर से चार साल की लड़ाई के बाद मंगलवार को कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 55 वर्ष के थे। खान का शव एक निजी अस्पताल से ले जाए जाने के बाद सुबह उनके नकताला स्थित घर से रवीन्द्र सदन लाया गया।

## अखिलेश यादव के रट्टू तोता हैं सपा के नेता : केशव मौर्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**प्रयागराज/भाषा।** अयोध्या में 1990 में कारसेवकों पर समाजवादी पार्टी (सपा) की तत्कालीन सरकार द्वारा गोली चलवाने को जाए ठहराने के पार्टी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को यहां कहा कि ऐसे बयान देने वाले पार्टी नेता अखिलेश यादव के 'रट्टू तोता' हैं।

यहां एक कार्यक्रम के दौरान केशव प्रसाद मौर्य ने संवाददाताओं से कहा, 500 साल की प्रतीक्षा के बाद भगवान राम का मंदिर बन रहा है। ऐसे समय में इस तरह के बयान के लिए मैं (सपा प्रमुख) अखिलेश यादव की निंदा करता हूं। उनके जो भी नेता कुछ बोलते हैं, वे अखिलेश यादव का लिखा हुआ केवल पढ़ते हैं। वे रट्टू तोता हैं और एक शब्द कम ज्यादा नहीं बोल सकते। उन्होंने कहा, श्री राम हमारे जैसे कोटि कोटि भक्तों के भगवान हैं और हम उनकी पूजा करते हैं। जो भगवान को नहीं मानते हैं, उनके भी पूर्वज भगवान श्री राम हैं। इसलिए प्रदेश वासी, देश वासी प्राण प्रतिष्ठा का हिस्सा बनेंगे।

उप मुख्यमंत्री ने कई विधायकों द्वारा राम मंदिर को लेकर दिए गए विवादित बयानों पर कहा, भगवान राम लला की जन्मभूमि पर बन रहा मंदिर कोई भाजपा का मंदिर नहीं है, बल्कि हर राम भक्त, हर राष्ट्र भक्त का मंदिर है। गुलामी की निशानी के रूप में खड़ा ढांचा हट गया। हमें विरासत पर गर्व करना चाहिए कि जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर बन गया। अब लोग 22 जनवरी को दीपावली मनाएं।

## असम में राजग का लक्ष्य 14 में से 12 सीट जीतने का: भाजपा



**गुवाहाटी/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की असम इकाई के अध्यक्ष भावेश कलिता ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने इस साल के मध्य में होने वाले लोकसभा चुनाव के दौरान राज्य की 14 में से कम से कम 12 सीट पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रस्तावित 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' का राज्य में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह यात्रा पूर्वोत्तर (मणिपुर) से शुरू होने वाली है और असम में आठ दिनों तक रहेगी।

भाजपा की प्रदेश इकाई की कार्यसमिति की बैठक से इतर कलिता ने संवाददाताओं से कहा, हम एक गठबंधन के तौर पर 12 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। हमारा लक्ष्य पिछले आम चुनावों की तुलना में अपने वोट में 10 प्रतिशत की वृद्धि करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी इस बार उम्मीदवारों की जीत का अंतर भी बढ़ाने की कोशिश में है।

गठबंधन के सदस्यों– भाजपा, असम गण परिषद (अगप) और यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) के बीच सीटों के बंटवारे के बारे में पूछे जाने पर कलिता ने कहा, सभी सहयोगी फरवरी में बैठेंगे और सीट के बारे में चर्चा करेंगे। इसे उस संयुक्त बैठक में ही अंतिम रूप दिया जाएगा।

विपक्षी कांग्रेस के बारे में उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों ने असम की राजनीति से देश की सबसे पुरानी पार्टी की विदाई कर दी है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी आएंगे और जाएंगे। इस तरह की यात्राएं पहले भी होती रही हैं। वह चाहे जो भी करें, कांग्रेस अगले 25 साल तक असम में सत्ता में नहीं आएगी।

## सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने अयोध्या में कारसेवकों पर पुलिस गोलीबारी को उचित ठहराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कासगंज (उप्र)/भाषा।** अपने विवादित बयानों के लिए अक्सर चर्चा में रहने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने बुधवार को अयोध्या में 1990 में उत्तर प्रदेश की तत्कालीन मुलायम सिंह यादव सरकार द्वारा 'कार सेवकों' पर गोली चलवाने के आदेश को उचित ठहराते हुए कहा कि ऐसा संविधान की रक्षा के लिए किया गया था।

श्रीरामचरित मानस और हिंदू धर्म को लेकर हाल में विवादास्पद टिप्पणियों को लेकर सुर्खियों में रहे सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य 'बौद्ध एकता समिति गंजडुंडवारा' के तत्वावधान में आयोजित 'बौद्ध जनजागरण सम्मेलन' में भाग लेने के लिए कासगंज में थे। मौर्य ने संवाददाताओं से बातचीत में एक सवाल पर कहा, अयोध्या में कार सेवकों पर गोलीबारी तत्कालीन सरकार द्वारा संविधान की रक्षा के अपने कर्तव्य को पूरा करने के लिए की गई थी। उन्होंने कहा, उस समय बड़ी संख्या में अराजक तत्वों ने तोड़फोड़ की थी और तत्कालीन सरकार ने संविधान, शांति और व्यवस्था बचाने के लिए गोलियां चलवाई थीं। यह सरकार का कर्तव्य था और उसने ऐसा किया भी। मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकार ने 30 अक्टूबर 1990 को राम भक्तों पर गोली चलाने का आदेश दिया था। उस घटना में पांच कारसेवकों की मौत हुई थी। इस गोलीबारी को जाए ठहराने वाला मौर्य का बयान उस वक्त आया है जब अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं।

## राम मंदिर पर राजनीति में शामिल नहीं होना चाहता: उमर अब्दुल्ला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर टिप्पणी करने से बुधवार को इनकार कर दिया और कहा कि वह इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं राम मंदिर के बारे में कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। यह न तो पहला उद्घाटन है और न ही आखिरी। हमने पहले भी उद्घाटन देखे हैं। यदि आप इसमें राजनीति लाना चाहते हैं, तो यह आप पर निर्भर है। मैं इस मुद्दे पर राजनीति में शामिल नहीं होना चाहता। यह पूछे जाने पर कि निमंत्रण मिलने पर क्या वह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होंगे, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें यकीन है कि आमंत्रित नहीं किया जाएगा। उमर ने कहा, आप मुझसे क्यों पूछ रहे हैं कि मैं जाऊंगा या नहीं? बिन बुलाए कौन जाता है? मैं जानता हूं कि मुझे आमंत्रित नहीं किया जाएगा। उद्योगपति, क्रिकेटर, फिल्मी सितारे और अन्य...जिन्हें निमंत्रित करना था, उन्हें निमंत्रण मिल चुका है।

## आश्रम में साधु को जलाया, हालत गम्भीर

**कन्नौज (उप्र)/भाषा।** कन्नौज जिले के गुरसहायगंज क्षेत्र में कथित रूप से आश्रम के महंत की पदवी के विवाद को लेकर एक साधु को जिंदा जलाए जाने का मामला सामने आया है। साधु को गम्भीर हालत में तिर्वा स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि मंगलवार रात को गुरसहायगंज क्षेत्र में जलेश्वर घाट आश्रम में साधु शिवदास के संदिग्ध हालत में जलने की सूचना मिली थी जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर साधु को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। साधु शिवदास ने पुलिस को दिए बयान में अनिल, आलोक तथा तीन साधुओं रामेश्वर दास, रघुनाथ दास और भोलादास द्वारा आग लगाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, जलेश्वर घाट आश्रम में महंत की कुर्सी को लेकर साधुओं के बीच तनातनी थी।

## मोदी सरकार ने चर्चा के लिए संसद का दरवाजा बंद किया : खरगे

**इसलिए निकालनी पड़ रही है 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने चर्चा के लिए संसद का दरवाजा बंद कर दिया है, इसलिए लोगों की आवाज उठाने के मकसद से राहुल गांधी को 'भारत जोड़ो यात्रा' निकालनी पड़ रही है।

उन्होंने पार्टी के अग्रिम संगठनों और विभागों के पदाधिकारियों की बैठक में यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर प्रगति हो रही है तथा इस गठबंधन की ताकत से भाजपा डर गई है। खरगे ने कहा, विपरीत माहौल के बावजूद हालिया विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को भाजपा से भी अधिक कुल 4.92 करोड़ वोट मिले, लेकिन उम्मीद के मुताबिक सीटें हमें नहीं मिलीं। इन बातों की समीक्षा बैठकों में हुई है। पीछे देखने के साथ अब हमें आगे देखना है। हमें भरोसा है कि हमारी मेहनत रंग लाएगी। उन्होंने कहा, आप सभी महसूस कर रहे होंगे कि देश बदलाव चाहता है, लेकिन इसे साकार बनाने के लिए हमें जमीनी स्तर पर रात-दिन श्रम करना होगा। खरगे ने कहा, राहुल गांधीजी के नेतृत्व में 14 जनवरी से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' मणिपुर से शुरू होने वाली है। करीब 6,700 किलोमीटर दूरी तय करके यह यात्रा 15 राज्यों से होकर मुंबई में समाप्त होगी। यह सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय तीनों पर केंद्रित है।

## अरुणाचल के पक्के बाघ अभयारण्य में एशियाई काले भालू पर सर्वेक्षण शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**ईटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश के पक्के केसांग जिले में पक्के बाघ अभयारण्य के अधिकारियों ने एशियाई काले भालू की प्रजाति की आवास प्राथमिकताओं और आवास स्थल पर रहने की प्रवृत्ति का आकलन करने के लिए एक गैर सरकारी संगठन के सहयोग से इन काले भालुओं का एक सर्वेक्षण शुरू किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक यह पहली ऐसी प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य सीआरबीसी में पुनर्वास के बाद आरक्षित वन में छोड़े गए एशियाई काले भालुओं की स्थिति का आकलन करना है। केंद्रीय पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा समर्थित भालू पुनर्वास एवं संरक्षण केंद्र (सीबीआरसी) की स्थापना 2002 में पशु कल्याण के लिए अंतरराष्ट्रीय कोष (आईएफएडब्ल्यू) और भारतीय वन्यजीव ट्रस्ट (डब्ल्यूटीआई) के सहयोग से अरुणाचल प्रदेश के वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी। इसका उद्देश्य विस्थापित शावकों को वापस जंगल में पुनर्वासित करना था।

# रोहित शर्मा पर रहेंगी नजरें, पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय से हटे विराट कोहली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मोहाली/भाषा।** भारत और अफगानिस्तान के बीच सीमित ओवरों की पहली श्रृंखला के शुरुआती टी20 मैच में बृहस्पतिवार को सभी की नजरें वापसी कर रहे रोहित शर्मा पर टिकी होंगी क्योंकि विराट कोहली 'निजी कारणों' से इस मुकाबले से हट गए हैं। कोहली हालांकि दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए उपलब्ध रहेंगे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मीडिया से बात करने से पहले भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बताया कि कोहली 'पारिवारिक कारणों' से हट गए हैं।

रोहित और कोहली दोनों इस श्रृंखला के साथ 14 महीने के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वापसी कर रहे हैं। जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले तीन मैचों की यह श्रृंखला भारत के लिए आखिरी है और इससे अमेरिका तथा वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए टीम संयोजन तैयार करने में मदद मिलेगी। वैसे अंतिम 15 का चयन आईपीएल में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर होने की संभावना है चूंकि वह विश्व कप से ठीक पहले होगा। द्रविड़ ने कहा कि



अफगानिस्तान के खिलाफ रोहित युवा यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज करेंगे। रोहित और वापसी के बाद कोहली का टीम में खेलना तय है लेकिन अफगानिस्तान के खिलाफ दोनों बड़े स्कोर बनाकर तैयारी पुख्ता करना चाहेंगे। अफगानिस्तान टीम अपने स्टार स्पिनर राशिद खान के बगैर उतरेगी जो नवंबर में कमर की सर्जरी के बाद से अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हैं। अफगानिस्तान के कप्तान इब्राहिम जदरान ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, वह पूरी तरह से फिट नहीं है। हमें उसकी कमी खलेगी और उसके नहीं होने से हमारे प्रदर्शन पर असर पड़ेगा लेकिन हमें हर तरह के हालात के लिए तैयार रहना होगा।

## कोहली निजी कारणों से अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में नहीं खेलेंगे : द्रविड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मोहाली/भाषा।** भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बुधवार को यहां कहा कि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेलेंगे।

द्रविड़ ने प्रेस कांफ्रेंस शुरू होने से पहले कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से कल के मैच में नहीं खेलेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व भारतीय कप्तान कोहली तीन मैचों की श्रृंखला के अगले दो मैच के लिए उपलब्ध होंगे। द्रविड़ ने कहा कि गुरुवार को श्रृंखला के पहले मैच में यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा भारत के लिए पारी का आगाज करेंगे। रोहित और कोहली दोनों 14 महीने बाद टी20 प्रारूप में वापसी कर रहे हैं। कोहली ने छोटे प्रारूप का अंतिम मैच नवंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल खेला था जिसमें भारत को हार का सामना करना पड़ा था।

## तदर्थ समिति के गठन को अदालत में चुनौती देगा डब्ल्यूएफआई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**प्रयागराज/भाषा।** निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने देश में कुश्ती के संचालन के लिए खेल मंत्रालय द्वारा तदर्थ समिति गठित करने पर बुधवार को यहां कहा कि डब्ल्यूएफआई इस फैसले के खिलाफ अदालत जाएगा। यहां एक अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान संजय सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, खेल मंत्रालय ने हमारी गतिविधियों को निलंबित किया है और एक तदर्थ समिति बनाई है। हम एक स्वायत्त निकाय हैं और नियमों के अनुसार वो (खेल मंत्रालय) ना तो हमारी गतिविधियां रोक सकते हैं और ना ही हमें काम करने से रोक सकते हैं। वे भारतीय कुश्ती महासंघ की सहमति के बगैर तदर्थ समिति नहीं बना सकते।

डब्ल्यूएफआई में अध्यक्ष पद को लेकर चले विवादों पर उन्होंने कहा, कुश्ती को 11 महीने से ग्रहण लगा है। एक साल बीत गया ना कोई राष्ट्रीय प्रतियोगिता हुई और ना ही कोई शिविर लगा। जूनियर बच्चे हतोत्साहित हैं। दूसरे पक्ष ने कुश्ती को बर्बाद करने के लिए क्या नहीं किया। संजय ने कहा कि 2012 से पहले की पदक तालिका उठाकर देख लें और 2012 से अभी तक की पदक तालिका देख लें तो समझ में आ जाएगा कि कुश्ती का विकास किसने किया और आरोप लगाया कि केवल कुश्ती महासंघ पर कब्जा करने के लिए यह षड्यंत्र रचा गया।

उन्होंने कहा, अगर वो लोग कुश्ती का इतना ही भला चाहते हैं तो यह जरूरी नहीं है कि अध्यक्ष बनकर ही कुश्ती का भला करेंगे। वे बच्चों का मार्गदर्शन करके और उन्हें प्रोत्साहित करके कुश्ती का भला कर सकते हैं।

संजय ने कहा कि हमारा लक्ष्य ओलंपिक के लिए पहलवान तैयार करना होगा जिससे पदक मिलें। उन्होंने कहा, मैं जूनियर पहलवानों के लिए पूरी ताकत लगाऊंगा लेकिन बिना ट्रायल के पहलवानों को जाने (मैच खेलने) नहीं दूंगा। उसके लिए चाहे मुझे कोई भी कुर्बानी देनी पड़े। ट्रायल नहीं देने के लिए ही यह सारा षड्यंत्र रचा गया था।

## सुविचार

**ज़िन्दगी में उस वक्त सब कुछ बदल जाता है, जब तुम्हारा कोई, तुम्हारे सामने, तुम्हारा होकर भी बदल जाता है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# गरिमा फिर स्थापित हुई

सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ी गलती को सुधारते हुए बिलकिस बानो मामले में उम्रकैद की सजा पाए ग्यारह दोषियों को सजा में छूट देने के गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया है। गुजरात में वर्ष 2002 के दंगों के दौरान गर्भवती बिलकिस के साथ सामूहिक दुराचार और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। इन जघन्य अपराधों के लिये ग्यारह लोगों को उम्रकैद की सजा दी गई थी। जिन्हें वर्ष 2022 में चौदह साल की सजा पूरी होने पर रिहा कर दिया गया था। दरअसल, गुजरात सरकार ने उम्रकैद की सजा के मामले में अपराधियों को छूट देने वाली 1992 की नीति के आधार पर हम रिहाई की थी, जबकि वर्ष 2014 में नई नीति ने जघन्य अपराधियों की रिहाई पर रोक लगाई थी। यही वजह है कि कोर्ट ने भ्रमित करने का आरोप भी लगाया। साथ ही कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार ने कानून के शासन का उल्लंघन किया है। कोर्ट ने कहा कि गुजरात सरकार को रिहाई देने का अधिकार ही नहीं था क्योंकि निष्पक्ष न्याय के लिये इस मामले में महाराष्ट्र में मुकदमा चला और सजा सुनाई गई। ऐसे में केवल महाराष्ट्र सरकार ही दोषियों की रिहाई का फैसला ले सकती थी। कोर्ट ने उम्रकैद की सजा काटने वाले ग्यारह लोगों को दो सप्ताह में जेल वापस जाने को कहा है।

निश्चित रूप से शीर्ष अदालत का फैसला गुजरात सरकार की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर सवाल उठाता है। दरअसल, राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत में दलील दी थी कि सजा पाने वाले लोगों ने जेल में 14 साल पूरे कर लिये थे, उनका आचरण अच्छा पाया गया तथा केंद्र सरकार ने समयपूर्व रिहाई के संबंध में सहमति दी थी। हालांकि, सीबीआई ने तर्क दिया था कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए दोषियों के साथ कोई रियायत नहीं बरती जानी चाहिए। लेकिन इसके बावजूद उन्हें रिहा कर दिया गया था। इतना ही नहीं, गोधरा उप-जेल से बाहर निकलने के बाद दोषियों का माला पहनाकर अभिनंदन तक किया गया था।

दरअसल, उम्रकैद की सजा पाए लोगों को समय से पहले रिहा करने के खिलाफ पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। आखिरकार उसे न्याय मिला, बल्कि इससे खुद सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा फिर स्थापित हुई। समाज में व्याप्त अन्याय के खिलाफ न्याय की उम्मीद से लोग अदालतों का दरवाजा खटखटाते हैं। निस्संदेह, इस मामले में गठित खंडपीठ ने सही मायनों में कानून के शासन को ही प्रतिष्ठा दी है। उसने शीर्ष अदालत के मई, 2022 में दिये गए फैसले को भी पलटा है, जिसें गुजरात सरकार के छूट देने के अधिकार को मान्यता दी गई थी। यह सामान्य विवेक की बात है कि तमाम दलीलों के बावजूद सामूहिक बलात्कार व हत्या जैसे जघन्य अपराधों के दोषियों को समय से पहले रिहाई नहीं दी जानी चाहिए। रिहाई के फैसले ने राज्य सरकार के कल्याणकारी स्वरूप व निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए। आरोप है कि राज्य सरकार ने जेल में रहने के दौरान भी दोषियों को लंबे-लंबे समय के लिये पेरोल पर बाहर आने की इजाजत दी थी। दरअसल, ऐसे मामलों में राज्य सरकार के विवेक की भी परीक्षा होती है कि उसके किसी निर्णय से पीड़ित पक्ष आहत न हो। सही मायनों में न्याय की प्रकृति का भी सम्मान किया जाना चाहिए। राज्य सरकार को उन भयावह स्थितियों व पीड़िता की पीड़ा का भी अहसास होना चाहिए। यह राज्य सरकार की कल्याणकारी रीतियों-नीतियों की भी परीक्षा थी। वहीं कोर्ट ने अदालत को गुमराह करने और गलत तथ्य पेश करने का आरोप भी राज्य सरकार पर लगाया। बहरहाल, अब दोषी दो हफ्ते के भीतर आत्मसमर्पण करेंगे और पूरी सजा होने तक जेल में ही रहेंगे। निस्संदेह, शीर्ष अदालत के फैसले से जहां रिहाई के अधिकार के प्रश्न का जवाब मिला, वहीं पीड़िता को न्याय पाने के हक की भी पुष्टि हुई। पीड़िता के अधिकार को महत्वपूर्ण मानने से सही मायनों में उसे न्याय मिल पाया। बहरहाल, देश में कानून के राज को प्रतिष्ठा देकर न्यायालय ने एक आदर्श मार्गदर्शक की भूमिका का भी निर्वहन किया है।

## ट्वीटर टॉक



आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि 10 साल पहले भारत 11वें स्थान पर था। आज दुनिया की हर प्रमुख रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की टॉप 3 इकोनॉमी में जाएगा।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



आज भारत ने विश्व को ये भरोसा दिया है कि हम साझा लक्ष्य तय कर सकते हैं, अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। विश्व कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता, निष्ठा, प्रयास और भारत का परिश्रम आज की दुनिया को ज्यादा सुरक्षित और समृद्ध बना रहा है।

**-नरेन्द्र मोदी**



श्री राम जन्मभूमि मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के शुभ उपलक्ष्य पर आज चांदपोल गंगामाता मंदिर से धर्मयात्रा महासंघ प्रान्त राजस्थान व श्री श्याम भजन संध्या परिवार जयपुर द्वारा अयोध्या राम मंदिर सीता रसोई भण्डारे में भेजने हेतु राशन व 2100 तेल के टीनों से युक्त ट्रकों को रवाना किया।

**-भजनलाल शर्मा**

## प्रेरक प्रसंग

# शहादत की मिसाल

सन 1942 में 'भारत छोड़ो आन्दोलन' के दौरान एक घटना घटी। 29 सितम्बर, 1942 के दिन प. बंगाल के मिदनापुर जिले में एक बड़ा जनसमूह भारत माता की जय कहता आगे बढ़ा। मातंगिनी नामक देशभक्त इसमें सबसे आगे थीं। जैसे ही जुलूस आगे बढ़ा, अंग्रेज़ सशस्त्र सेना ने बन्दूकें तान लीं और प्रदर्शनकारियों को रुक जाने का आदेश दिया। इससे जुलूस में कुछ खलबली मच गई और लोग बिखरने लगे। मातंगिनी हज़ारा सबसे आगे आ गईं। मातंगिनी ने तिरंगा झंडा अपने हाथ में लिया था। अंग्रेज़ी सेना ने चेतावनी दी और फिर गोली चला दी। पहली गोली मातंगिनी के पैर में लगी। जब वह फिर भी आगे बढ़ती गईं तो उनके हाथ को निशाना बनाया गया। लेकिन उन्होंने तिरंगा फिर भी नहीं छोड़ा। इस पर तीसरी गोली उनके सीने पर मारी गई और इस तरह मातंगिनी 'भारत माता' के चरणों में शहीद हो गई।

## सामयिक

# एनजीओ की गतिविधियों पर नजर समय की मांग

डॉ सत्यवान सौरभ
मोबाइल : 9466526148



एनजीओ स्वैच्छिक संगठन हैं, जो सामाजिक उद्देश्य और सामाजिक न्याय की दिशा में काम करते हैं। ये निजी संगठन लोगों का दुख-दर्द दूर करने, निर्धनों के हितों का संवर्द्धन करने, पर्यावरण की रक्षा करने, बुनियादी सामाजिक सेवाएँ प्रदान करने अथवा सामुदायिक विकास के लिये गतिविधियाँ चलाते है। उन्होंने नागरिक समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान ग्रहण कर लिया है। गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) भारत के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, खासकर धर्मनिरपेक्षता और नागरिक कल्याण के क्षेत्र में। भारत में, बड़ी संख्या में गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) जातीय और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रयास करते हैं। धार्मिक या सांस्कृतिक जड़ों की परवाह किए बिना सभी नागरिकों के लिए सहिष्णुता, समझ और समान अधिकारों को बढ़ावा देना, धर्मनिरपेक्षता की वकालत उनका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। धार्मिक सद्भाव और समझ को बढ़ावा देने के लिए, कई गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) अंतरधार्मिक संवाद और समुदाय-निर्माण कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और गरीबी उन्मूलन जैसे क्षेत्रों में सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के माध्यम से, गैर सरकारी संगठन सक्रिय रूप से नागरिकों की भलाई में योगदान करते हैं। उनके समुदाय-आधारित प्रयास अक्सर सरकारी उपायों द्वारा छोड़ी गई कमियों को दूर करते हैं, विशेष रूप से अलग-थलग और वंचित क्षेत्रों में। भारत में मानवाधिकारों पर नज़र रखने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए गैर सरकारी संगठन आवश्यक हैं। वे यह गारंटी देने का प्रयास करते हैं कि लोग कानूनी प्रणाली तक पहुंच सकें, पूर्वाग्रह से सुरक्षित रहें, और राज्य और गैर-राज्य दोनों संस्थाओं द्वारा उल्लंघन से सुरक्षित रहें। एनजीओ के फंडिंग स्रोतों, पारदर्शिता और घरेलू मुद्दों में संदिग्ध हस्तक्षेप के बारे में चिंताओं का हवाला देते हुए, भारत सरकार हाल के वर्षों में उनकी अधिक बारीकी से निगरानी और विनियमन कर रही है। विदेशी अंशदान अधिनियम के तहत अब गैर-सरकारी संगठनों के लिए विदेशी फंडिंग पर अधिक प्रतिबंध हैं, जो उनके संचालन को और अधिक कठिन बना देता है।

**तमाम धरपकड़ और कानूनी सख्ती के बावजूद बहुत सारे गैर-सरकारी संगठन और मिशनरी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे। इन मिशनरियों का व्यवहार कन्वर्जन के कारखानों जैसा है, और दीर्घकालिक उद्देश्य भारतीय समाज में विभाजनकारी रेखाओं को गहरा और चौड़ा करते जाने का है। गैर सरकारी संगठनों (कुछ अपवादों को छोड़कर) का तंत्र इतना ढीठ है कि किसी दंगे में संलिप्तता पकड़े जाने पर भी किसी गैर सरकारी संगठन को लज्जा महसूस नहीं होती। वह सिर्फ चुप्पी साध कर बैठ जाता है और इतने को ही पर्याप्त मान लेता है।**

विदेशी फंडिंग पर कड़े प्रतिबंधों ने कई गैर सरकारी संगठनों की स्थिर वित्तीय स्थिति बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित किया है, जिससे कार्यक्रमों और संचालन को लागू करने की उनकी क्षमता सीमित हो गई है। इसका मुख्य रूप से उन संस्थानों पर प्रभाव पड़ा है जो अपने धन का एक बड़ा हिस्सा विदेशी दानदाताओं से प्राप्त करते हैं। हाल ही में धन शोधन निवारण अधिनियम कानूनों में संशोधन किए गए हैं, जिससे गैर सरकारी संगठनों और राजनीतिक दलों के लिए विदेशी धन तक पहुंच मुश्किल हो गई है। आयकर अधिनियम में संशोधन के माध्यम से नवीनीकरण प्रमाण पत्र को अनिवार्य बनाने से घरेलू फंडिंग भी प्रभावित हुई है। भारत में स्वैच्छिक संगठनों की विदेशी फंडिंग को एफसीआरए अधिनियम के तहत विनियमित किया जाता है और इसे गृह मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। अधिनियम यह सुनिश्चित करते हैं कि विदेशी योगदान प्राप्तकर्ता उस निर्धारित उद्देश्य का पालन करें जिसके लिए ऐसा योगदान प्राप्त किया गया है। अधिनियम के तहत संगठनों को हर पांच साल में अपना पंजीकरण कराना होता है।

इसकी आवश्यकता इसलिए हुई कि कोई एनजीओ, जिसके पास पैसे की कमी नहीं है, अपनी मनमर्जी से काम करता रहेगा, चाहे वह कानून विरुद्ध ही क्यों न हो। लेकिन ऐसा करने के पहले, वह बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त अधिकारियों, जजों, प्रभावशाली नेताओं आदि को अपने 'बोर्ड या ट्रस्ट' में शामिल कर लेगा। उनका काम कुछ खास नहीं होगा, लेकिन उन्हें मोटा वेतन देगा, जिसे 'प्रशासनिक खर्च' कहा जाएगा। अब अगर कानून उस पर कार्यवाही करने का प्रयास करेगा, तो वह इन सेवानिवृत्त नामचीन लोगों की फौज सामने कर देगा। आंखों की 'शर्म' और वरिष्ठों के 'सम्मान' की दुहाई प्रत्यक्ष-परोक्ष शब्दों में दी जाएगी, और कानून मुंह ताकता रह जाएगा। फिर भी अगर बात न बनी, तो कोई छोटा-मोटा कर्मचारी सारा दोष अपने सिर पर ले लेगा और वास्तविक कर्ताधर्ता साफ बच जाएंगे। अगर किसी भी बिन्दु पर आपको महसूस होता है कि देश की कार्यपालिका में, विधायिका में, न्यायपालिका में, मीडिया में, राजनीतिक प्रक्रियाओं में विदेशी पैसों से चल रहे एनजीओ का हस्तक्षेप बहुत भारी है, तो आपको सबसे पहले उस एनजीओ को मिले विदेशी पैसे की ओर देखना चाहिए।

यही कारण है कि तमाम धरपकड़ और कानूनी सख्ती के बावजूद बहुत सारे गैर-सरकारी संगठन और मिशनरी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे। इन मिशनरियों का व्यवहार कन्वर्जन के कारखानों जैसा है, और दीर्घकालिक उद्देश्य भारतीय समाज में विभाजनकारी रेखाओं को गहरा और चौड़ा करते जाने का है। गैर सरकारी संगठनों (कुछ अपवादों को छोड़कर) का तंत्र इतना ढीठ है कि किसी दंगे में संलिप्तता पकड़े जाने पर भी किसी गैर सरकारी संगठन को लज्जा महसूस नहीं होती। वह सिर्फ चुप्पी साध कर बैठ जाता है और इतने को ही पर्याप्त मान लेता है। अब स्थिति यह है कि कानून को यह साबित करना पड़ रहा है कि भारत भूमि पर संप्रभुता भारत के कानूनों की है। और यह स्थिति शायद तब तक रहे, जब तक गैर सरकारी संगठनों की भारी-भरकम मशीनरी इन कानूनों में कोई छिद्र नहीं तलाश लेती। यह एक सतत युद्ध है। इसी को दूसरे ढंग से देखिए। दर्जनों एनजीओ विदेशों से इतना चंदा प्राप्त करें, जिसमें किसी भी एक एनजीओ को मिला चंदा बहुत बड़ा न लगे। लेकिन एक बार पैसा भारत पहुंच जाने के बाद वे अपनी रकम को एक बिन्दु पर एकत्रित कर लें। अब यह बड़ा पैसा भी हो जाएगा, विदेश से इसका सीधा संबंध भी नहीं होगा। गैर सरकारी संगठनों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए शिक्षाविदों, कार्यकर्ताओं, सेवानिवृत्त नौकरशाहों से युक्त एक राष्ट्रीय प्रत्यायन परिषद बनाई जानी चाहिए। अवैध और बेहिसाब धन की निगरानी और विनियमन के मामले में गृह और वित्त मंत्रालयों के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। गैर सरकारी संगठनों और स्वैच्छिक संगठनों की वित्तीय गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एक नियामक तंत्र समय की मांग है। नागरिक आज उन प्रक्रियाओं में सक्रिय भूमिका निभाने के इच्छुक हैं जो उनके जीवन को आकार देती हैं और यह महत्वपूर्ण है कि लोकतंत्र में उनकी भागीदारी मतदान की रस्म से आगे बढ़े और इसमें सामाजिक न्याय, लैंगिक समानता, समावेशन आदि को बढ़ावा देना शामिल होना चाहिए।

## मुद्दा



**राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूरी दुनिया में उत्साह है। अमेरिका के टाइम्स स्कवायर में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। अमेरिकी समुदाय के हिंदुओं ने राम मंदिर के लिए हयूटन में कार रैली निकाली। पूरी दुनिया के हिंदुओं में उत्साह का माहौल है। सब राम मंदिर से जुड़े नजर आ रहे हैं। आज राम और हनुमान को जानने की लोगों में इतनी उत्सुकता है कि हिंदुओं की धार्मिक पुस्तक छापने वाली गीता प्रेस इतनी पुस्तक नही छाप पा रहा, जितनी मांग है राम चरित्र मानस की तीन माह में 5.27 लाख प्रति विभिन्न भाषांओं में छपी।**

# राम मंदिर के माध्यम से हिंदुओं को एकजुट करने का प्रयास

अशोक मधुप
मोबाइल : 9675899803

इस समय राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारी चल रहीं हैं।अयोध्या सज रहा है। पूरी दुनिया इस भव्य आयोजन को निहारने का आतुर है।दुनिया भर में बसे हिंदुओं के लिए यह गौरव का पल है।मुस्लिम काल से अब तक उनके पूर्वक अब तक मंदिर टूटते देखते आए हैं।यह हिंदुओं की वह पीढ़ी है जो विदेशी आक्रांता द्वारा अयोध्या में बनाई मश्जिद की जगह मंदिर बनता देख रही है। अयोध्या को सजता निहार रही है।उसे इंतजार है उस पल का जब इस मंदिर का 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा।इस मंदिर निर्माण और मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के माध्यम से विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयं सवेक संघ विश्व के हिंदुओं को आपस में जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उसका प्रयास है कि छोटी मोटी आस्थाओं में फंसे हिंदू राम के नाम पर एक हो। अलग अलग जाति और संप्रदाय में बंटे सब हिंदू भगवान राम को अपना आदर्श स्वीकारें। एकजुट रहें। आरएसएस और संघ से जुड़े संगठनों ने राम मंदिर के निर्माण को लेकर रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए देशभर में 10 करोड़ से अधिक परिवारों को निमंत्रण देने की योजना बनाई है। उनका कहा कि हम भगवान श्रीराम के 14 वर्ष बाद अयोध्या लौटने की खुशी में दिवाली मनाते हैं। आगामी 22 जनवरी को तो वह दूसरी दीपावली होगी, जब भगवान राम 500 वर्षों के बाद, भारत की स्वतंत्रता की अमृतवेला में अपने जन्म-स्थान पर लौटेंगे। इसलिए, यह आवश्यक है कि विश्व का समस्त हिन्दू समाज इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रत्यक्ष शामिल हो। उनका कहना है कि सब रामभक्तों को तो उसी दिन अयोध्या नहीं बुलाया जा सकता। इसलिए उनका आह्वान है कि विश्व भर के हिंदू अपने मोहल्ले या गांव के मंदिर को ही अयोध्या मानकर वहां एकत्र हों। वहां की परंपरानुसार पूजा-पाठ, आराधना व अनुष्ठान करें, पूज्य संतों द्वारा दिए गए विजय महामंत्र-श्रीराम जय राम जय जय राम का जाप करें तथा अयोध्या के भव्य-दिव्य कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को साक्षात देखें। आरती में अपना स्वर मिलाएं। प्रसाद बांटें और इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के प्रत्यक्षदर्शी बनकर आनंद मनाएं। विहिप कार्याध्यक्ष ने इस योजना के बारे में कहाकि कि इसी महीने 5 नवंबर को श्रीराम मंदिर में पूजित अक्षत (पीले चावल) कलश लेकर संगठन की दृष्टि से बने 45 प्रांतों में भेजे जा चुके हैं। तीर्थ क्षेत्र न्यास के आह्वान पर इस अक्षत निमंत्रण को लेकर, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता अन्य हिंदू संगठनों के साथ मिलकर, 15 जनवरी तक , देश के नगर ग्रामों में, हिंदू परिवारों तक जाएंगे। ऐसा ही कार्यक्रम विदेशों में रहने वाले हिंदुओं के लिए भी आयोजित किया गया है। प्रत्येक परिवार को इस निमंत्रण के साथ भगवान और उनके मंदिर का पूजा में रखने लायक एक चित्र और अन्य आवश्यक जानकारियां भी दी जा रही है।उनका मानना है कि अभी तक का आकलन है कि यह आयोजन विश्व भर में पांच लाख से अधिक मन्दिरों में अवश्य होगा और करोड़ों हिंदू इसमें शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 100 वर्षों में इस तरह का इतना बड़ा आयोजन नहीं हुआ होगा। विहिप का कहना है कि इस बार विहिप समाज के पास कुछ मांगने नहीं जा रहा है इसलिए इस कार्य में जुटी टोलियां या कार्यकर्ता कोई भी भेंट, दान या अन्य सामग्री स्वीकार नहीं करेंगे।

विहिप ने यह भी कहा कि 1984 से चले मुक्ति अभियान में लाखों हिंदुओं की सहभागिता रही है। अनेक मुक्ति योद्धा बलिदान भी हुए हैं या अब इस दुनिया में नहीं हैं। उनके भी परिवार, उनके स्वप्न की इस पूर्ति को देखना चाहते हैं। विहिप ने देश को 45 भागों में बांटकर प्रत्येक भाग के लिए 27 जनवरी से 22 फरवरी के बीच में उस भाग के लिए निश्चित दिन अयोध्या पधारने का निवेदन किया है। ऐसे लगभग एक लाख लोगों के दर्शनों की व्यवस्था की गई है।विहिप ने यह भी आह्वान किया कि 22 जनवरी की पुण्यरात्रि को प्रत्येक हिंदू परिवार कम से कम पांच दीपक अवश्य जलाए और उसके बाद किसी भी दिवस को सपरिवार, ईष्ट-मित्रों सहित अयोध्या दर्शन हेतु पधारें। विश्व हिंदू परिषद को विश्वास है कि भगवान राम का यह मंदिर विश्व में हिंदुओं में समरसता, एकत्व व आत्मगौरव का संचार करेगा और भारत को परम वैभव की ओर ले जाने के लिए एक राष्ट्र मंदिर बन कर उभरेगा।

इसी के अनुपालन में विहप और संघ के कार्यकर्ता ढोलक घंटे और घडियाल बजाते, राम भजन गाते घर घर जा रहे हैं।उन्हें राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण के लिए पीले चावल और निमंत्रण पत्रक भेंट कर रहे हैं। उनसे कह रहे है कि 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अपने घर और आसपास के मंदिर को संजाए। दीप जलांए। दीपावली मनाए। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण देखें। इन कार्यकर्ताओं को आदेश है कि यह कार्य वाल्मीकि , दलित और आदिवासी बस्ती से प्रांरभ करें। प्रत्येक हिंदू के घर जाए। उन्हें आमंत्रण दें। ऐसा ही हो रहा है। भगवान राम ने उत्तर से दक्षिण तक पूरे देश को एक जुट करने का बड़ा कार्य किया था। सीताहरण के बाद उत्तर से लेकर दक्षिण तक के सर्व समाज को अपने साथ जोड़ा था। दक्षिण के आदिवासी, वनवासी, पिछड़े गुफाओं में रहने वाले भील आदि को अपने साथ लिया था। उन्होंने देश को एकीकरण के लिए बड़ा काम किया किंतु कुछ हिंदुओं के के प्रयास से वह आगे नही चला। हमने राम के साथ युद्ध के साथी रहे आदिवासी, वनवासी, भील और अन्यों का बंदर, भालू कहकर उपहास उड़ाया। उन्हें समानता और बराबरी का दर्जा नही दिया। काश भगवान राम का मन्तव्य समझकर उसे आगे बढ़ाया गया होता तो देश उत्तर दक्षिण, में ना बंटा होता।उस पुरानी गलती को विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अब दूर करने में लगा हैं। राम मंदिर के लिए सभी ने बलिदान दिया है, चाहे वह सिख हो, जैन हो या बौद्ध, वाल्मिकी हो या दलित। भगवान राम सभी हिंदुओं के आदर्श और पूज्य रहे हैं। सबके मन मे उनके लिए आस्थाएं हैं। विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इन आस्थाओं को उभार कर हिंदू समाज को एकजुट कर रहा है। उन्हें एक मंच पर ला रहा है।

ढांचा गिरने के बाद से बहुत ने राम मदिर निर्माण के लिए सकल्प लिए थे। कोई नंगे पांव रह रहा था तो किसी ने अपने बाल नही कटाए थे।झारखंड की एक महिला तभी से मौनवृत पर हैं। बहुतों के अपने वृत और अपने अपने संकल्प है। अब सबके वृत और संकल्प पूरे होने का दिन नजदीक है। ऐसे में सब प्रसन्न हैं। 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद वह सब अपने अपने संक्लप को विदा कहेंगे।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूरी दुनिया में उत्साह है। अमेरिका के टाइम्स स्कवायर में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। अमेरिकी समुदाय के हिंदुओं ने राम मंदिर के लिए हयूटन में कार रैली निकाली। पूरी दुनिया के हिंदुओं में उत्साह का माहौल है। सब राम मंदिर से जुड़े नजर आ रहे हैं। आज राम और हनुमान को जानने की लोगों में इतनी उत्सुकता है कि हिंदुओं की धार्मिक पुस्तक छापने वाली गीता प्रेस इतनी पुस्तक नही छाप पा रहा, जितनी मांग है राम चरित्र मानस की तीन माह में 5.27 लाख प्रति विभिन्न भाषांओं में छपी। हनुमान चालिसा की 13.50 लाख प्रतियां छपी। सब बिक गईं। मामूली प्रतियों ही बची है।आरती संग्रह की तीन लाख प्रतियों की मांग है। गीता प्रेस मांग के अनुरूप पुस्तकें नहीं छाप पा रहा। उसने हाथ खड़े कर दिए।

प्रदेश सरकारें इस अवसर को और भव्य बनाने में लगी हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में में 22 जनवरी को शिक्षण संस्थाएं और शराब की दुकान बंद करने के निर्देश दे दिए हैं। इसी तरह के निर्देश और जगह भी होने की सूचनांए हैं। अयोध्या आकर राम जन्म भूमि के दर्शन का हिंदुओं में भारी उत्साह है।22 के लिए पहले ही होटल और धर्मशालाएं बुक हो गए थे,किंतु 22 को वीवीआईपी के आगमन को और उनकी सुरक्षा को देखते हुए ये रिजर्वेशन कैंसिल कर दिए गए हैं। उम्मीद है कि 22 को 100 से ज्यादा विमान अयोध्या आएंगे। अयोध्या दुनिया भर के हिंदुओं का जल्दी ही भव्य तीर्थ बनेगा, ऐसी उम्मीद है। उम्मीद है कि यहां बना अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जल्द ही विश्व के व्यस्ततम एयरपोर्ट में शामिल हो जाएगा। ये भी उम्मीद है कि विहिप और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सभी हिंदुओं को राम मंदिर और राम आस्था से जोड़ने में सफल हो जाएंगे।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत




# कांग्रेस विपक्षी दल बनने के लायक भी नहीं है : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गुवाहाटी/भाषा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि हाल में मालदीव विवाद को लेकर अपनी प्रतिक्रिया के कारण यह पार्टी देश में विपक्षी दल बनने के ''लायक भी नहीं'' है।

नड्डा ने भाजपा की असम इकाई की कार्यकारिणी की बैठक के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मालदीव के तीन मंत्रियों के हालिया बयान को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की प्रतिक्रिया की आलोचना की। उन्होंने कहा, वे (कांग्रेस) सरकार चलाने में सक्षम नहीं थे। अब, वे विपक्षी दल बनने के भी लायक नहीं हैं।

मालदीव के साथ हाल में हुए विवाद पर खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हर बात को निजी तौर पर लेने का आरोप लगाया था। नड्डा ने विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की भी आलोचना की और दावा किया कि इसका गठन काले धन और संबंधित दलों के नेताओं के परिवारों की रक्षा के लिए किया गया है। उन्होंने कहा, इसमें शामिल सभी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में मामले दर्ज हैं। यह व्यक्तिगत लाभ के लिए बनाया गया गठबंधन है। इसका भारत से कोई लेना-देना नहीं है।

कांग्रेस की प्रस्तावित 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के बारे में भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इस यात्रा का नाम 'भारत तोड़ो अन्याय यात्रा' रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, उन्होंने हर तरह के अन्याय किए हैं और भारत को विभाजित करने के लिए सब कुछ किया है, लेकिन अब वे न्याय के लिए यात्रा का आयोजन कर रहे हैं!''

# आम चुनाव लड़ने के लिए इमरान खान को अदालत से नहीं मिली राहत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



लाहौर/भाषा। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अगले महीने होने वाले आम चुनाव लड़ने के लिए बुधवार को अदालत से कोई राहत नहीं मिल पाई।

लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) के अपीली न्यायाधिकरण ने देश के पंजाब प्रांत में दो नेशनल असेंबली निर्वाचन क्षेत्रों के लिए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के संस्थापक के नामांकन पत्रों को खारिज करने के निर्वाचन अधिकारियों (आरओ) के फैसले को बरकरार रखा।

पाकिस्तान में आठ फरवरी को चुनाव होने हैं।

न्यायाधिकरण के न्यायमूर्ति तारिक नदीम और न्यायमूर्ति अबुल अजीज ने क्रमशः लाहौर की एनए-122 और मियांवाली एनए-89 सीटों पर फैसले की घोषणा की। खान ने 2018 के चुनावों में अपने गृहनगर की दोनों सीटें जीती थीं।

अदालत के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, दोनों न्यायाधीशों ने निर्वाचन अधिकारी के फैसले के खिलाफ खान की अपील को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि उन्हें (खान) तोशाखाना (राष्ट्रीय खजाने के उपहार) मामले में दोषी ठहराया गया है। उनकी दोषसिद्धि को निलंबित कर दिया गया है लेकिन उन्हें मामले से बरी नहीं किया गया है, ऐसे में वह आठ फरवरी का चुनाव लड़ने के पात्र नहीं हैं।

निर्वाचन अधिकारी ने 30 दिसंबर को खान और पार्टी के कई अन्य दिग्गजों की उम्मीदवारी को खारिज कर दिया था जिसे पीटीआई द्वारा कमजोर आधार पर खारिज किया गया कहा गया था।

खान (71) ने न्यायाधिकरण के समक्ष दलील दी थी कि तोशाखाना मामले की दोषसिद्धि के संविधान के अनुच्छेद 62 (1एफ) के तहत 'गैर ईमानदार और सही नहीं' होने के कारण उनकी अयोग्यता से कोई संबंध नहीं है, इसलिए उनके नामांकन पत्र को खारिज नहीं किया जा सकता है।

खान द्वारा न्यायाधिकरण के फैसले को ऊपरी अदालत में चुनौती देने की संभावना है।

पीटीआई के अध्यक्ष एडवोकेट गौहर खान ने कहा कि खान और अन्य मुख्य पीटीआई नेताओं को चुनाव लड़ने से रोकना अधिकार का और प्रक्रिया का सबसे खराब दुरुपयोग है। उन्होंने कहा, हालांकि, चाहे कुछ भी हो हम चुनाव लड़ेंगे।

# मालदीव के सत्तारूढ़ गठबंधन ने चुनावों के दौरान भारत विरोधी भावनाओं को उभाराः यूरोपीय संघ की रिपोर्ट

लंदन/भाषा। प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) के सत्तारूढ़ गठबंधन ने 2023 के राष्ट्रपति चुनावों के दौरान भारत विरोधी भावनाओं को उभारा और इस विषय पर दुष्प्रचार का प्रयास किया। यूरोपीय संघ (ईयू) की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

मालदीव के लिए यूरोपियन इलेक्शन ऑब्जरवेशन मिशन (ईयू ईओएम) ने पिछले साल नौ और 30 सितंबर को हुए दो दौर के चुनाव पर मंगलवार को अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रकाशित की।

राष्ट्रीय अधिकारियों के निमंत्रण पर हिंद महासागर में स्थित द्वीपीय राष्ट्र में 11 सप्ताह के लंबे अवलोकन के बाद ईयू ईओएम ने कहा कि पीपीएम-पीएनसी गठबंधन द्वारा चलाया गया अभियान राष्ट्र पर भारत के प्रभाव की आशंकाओं पर आधारित था। रिपोर्ट में कहा गया है, ईयू ईओएम पर्यवेक्षकों ने पीपीएम-पीएनसी की ओर से राष्ट्रपति के प्रति अपमानजनक भाषा के उदाहरण देखे हैं।

इसमें कहा गया, पार्टियों के अभियान में भारत विरोधी भावनाएं शामिल थीं। देश के अंदर भारतीय सैन्य कर्मियों की उपस्थिति के बारे में भी चिंता प्रकट की गई थी। इसके साथ ही ऑनलाइन दुष्प्रचार अभियान चलाए गए। ईयू मिशन ने उल्लेख किया कि राजनीतिक और प्रचार अभियान के तहत धन उगाहने और वित्तीय व्यय में पारदर्शिता और प्रभावी निगरानी का अभाव देखा गया। ईयू ईओएम ने सरकारी मीडिया सहित मीडिया के राजनीतिक पक्षपात को भी दर्ज किया, जबकि सोशल मीडिया में सूचना में हेरफेर के भी कुछ संकेत मिले। रिपोर्ट में कहा गया, दोनों खेमे नकारात्मक प्रचार में भी लगे हुए थे। एक खेमा भारतीय सेना की उपस्थिति की अनुमति देने का आरोप भी लगा रहे थे। उस समय के मौजूदा राष्ट्रपति, मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के इब्राहिम मोहम्मद सोलिह, पिछले साल फिर से चुनाव में उतरे थे। विपक्षी पीपीएम-पीएनसी गठबंधन द्वारा समर्थित पीएनसी के मोहम्मद मुइज्जू ने उन्हें हराकर 54 प्रतिशत वोटों के साथ चुनाव जीता।

ईयू ईओएम रिपोर्ट मालदीव में भविष्य के चुनावों में सुधार के लिए 20 सिफारिशें की गई हैं, जिसमें गलत सूचना से निपटने के लिए तथ्य-जांच की पहल और सार्वजनिक और राजनीतिक जीवन में महिलाओं को अधिक नेतृत्व पदों पर बढ़ावा देने के उपाय शामिल हैं।

# मालदीव के राष्ट्रपति ने चीनी समकक्ष से भेंट की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीजिंग/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपने मंत्रियों की आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर भारत के साथ राजनयिक विवाद के बीच, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने बुधवार को अपने चीनी समकक्ष शी चिनफिंग से मुलाकात की। मुइज्जू चीन की पांच दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं।

राष्ट्रपति मुइज्जू का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई।

आधिकारिक मीडिया ने विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा कि शी और मुइज्जू ने बातचीत की।

मुइज्जू को चीन समर्थक नेता माना जाता है। पिछले दिनों मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। उसके बाद बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने मालदीव यात्रा रद्द कर दी। मालदीव पर्यटन पर निर्भर द्वीपीय राष्ट्र है।

शी के साथ बातचीत के अलावा, मुइज्जू के चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने की उम्मीद है। वह 12 जनवरी को माले लौटेंगे।

मुइज़्ज़ू कल रात बीजिंग पहुंचे। इससे पहले वह दो दिनों तक चीन के फ़ुज़ियान शहर में थे।

मुइज्जू ने मंगलवार को चीन से उनके देश में अधिक पर्यटकों को भेजने के प्रयासों को तेज करने का आग्रह किया।

चीन की अपनी पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दूसरे दिन मुइज्जू ने मंगलवार को फुजियान प्रांत में 'मालदीव बिजनेस फोरम' को संबोधित करते हुए चीन को द्वीपीय राष्ट्र का ''निकटतम सहयोगी'' बताया। उन्होंने कहा, कोविड से पहले चीन के पर्यटक सबसे अधिक संख्या में हमारे देश में आते थे, और मेरा अनुरोध है कि चीन इस स्थिति को फिर से हासिल करने के लिए प्रयास तेज करे।

उनकी यह अपील भारत के साथ राजनयिक विवाद के बीच आई है। मुइज्जू की सरकार ने सोशल मीडिया पर मोदी के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट के लिए तीन उप मंत्रियों को निलंबित कर दिया है। मालदीव के पर्यटन मंत्रालय द्वारा पहले जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, भारत 2023 में देश के लिए सबसे बड़ा पर्यटक बाजार बना हुआ है। पिछले साल मालदीव में सबसे अधिक 2,09,198 भारतीय पर्यटक पहुंचे थे, इसके बाद 2,09,146 रूसी पर्यटक और 1,87,118 चीनी पर्यटक पहुंचे थे।

मुइज्जू ने कहा कि चीन हमारे सबसे करीबी सहयोगियों और विकास भागीदारों में से एक है।

अपने संबोधन में उन्होंने 2014 में राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा शुरू की गई 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) परियोजनाओं की प्रशंसा की और कहा कि ''उन्होंने (चिनफिंग) मालदीव के इतिहास में देखी गई सबसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाएं प्रदान की हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनका प्रशासन चीन के साथ हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के त्वरित कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने इसे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ वाणिज्यिक संबंधों का प्रतीक बताया।



# मनोज तिवारी का गाना 'राम के थे राम के हैं राम के रहेंगे' रिलीज

मुंबई/वार्ता

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद , अभिनेता-गायक मनोज तिवारी का गाना 'राम के थे राम के हैं राम के रहेंगे' रिलीज हो गया है। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को अब महज कुछ दिन बचे हैं, उससे पहले मनोज तिवारी का भगवान राम को समर्पित एक गाना 'राम के थे राम के हैं राम के रहेंगे' रिलीज हुआ है। यह गाना भगवान राम के प्रति उनकी आस्था को दर्शाता है और वे इस पर खूब गौरवान्वित भी हैं। इस गाने को मनोज तिवारी ने शीतल पांडे और अमित ढुल के साथ मिलकर गाया है और इसके म्यूजिक वीडियो में भी तीनों की उपस्थिति नज़र आ रही है।

'राम के थे राम के हैं राम के रहेंगे' ढुल एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति है, जो ढुल एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। इस गाने को लेकर मनोज तिवारी ने कहा कि यह सच है कि हम सभी राम के थे, राम के हैं और राम के रहेंगे। हमें इस पर गर्व है. हम इस बात से भी गौरवान्वित हैं कि सनातन धर्म और रामचरितमानस की परम्परा से आते हैं। यह हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक समृद्ध विरासत है, जिसको अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाकर आकर देने का काम देश के सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेंद मोदी जी ने किया है। भगवान राम की महिमा अलौकिक है और उनके आगमन से पूरा देश हर्षित है। ऐसे में हमारा यह गाना सभी राम भक्तों के लिए है। उम्मीद है सबों को यह पसंद आयेगा। गाना 'राम के थे राम के हैं राम के रहेंगे' के गीतकार अमित ढुल हैं और संगीतकार आर के क्रू हैं।जीत घनघस ने इस गाने के वीडियो को निर्देशित किया है।



# अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ईद पर 'बड़े मियां छोटे मियां' की रिलीज के लिए तैयार

मुंबई/एजेन्सी

एक्शन हीरो अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अपनी अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने ईद तक उल्टी गिनती शुरू कर दी है। अक्षय और टाइगर ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक नई तस्वीर साझा की, जिसमें दोनों आर्मी ग्रीन टी-शर्ट के साथ कैमोफ्लाज पैंट पहने हुए एक हेलिकॉप्टर के सामने पोज देते हुए दिखे। कैप्शन के लिए उन्होंने लिखा: बड़े और छोटे से मिलने का समय हो गया है और कम... बस 3 महीने। 'बड़े मियां छोटे मियां' पूजा एंटरटेनमेंट और एएजेड फिल्म्स द्वारा निर्मित और ब्लॉकबस्टर निर्देशक अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित है। फिल्म, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन भी हैं, अपने विपरीत व्यक्तित्व और मनमौजी तरीकों वाले दो व्यक्तियों के बारे में है, 'बड़े मियां और छोटे मियां' को अपने मतभेदों को दूर करने और अपराधियों को सजा दिलाने के लिए एक साथ काम करना होगा।

# फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' 9 फरवरी को होगी रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

एक्टर शाहिद कपूर और कृति सेनन ने बुधवार को खुलासा किया कि उनकी आने वाली फिल्म का नाम 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' है और यह 9 फरवरी को रिलीज होगी। फिल्म के निर्माताओं ने टाइटल के साथ एक नया पोस्टर भी जारी किया, जिसमें शाहिद कपूर और कृति सेनन एक इंटीमेंट मोमेंट शेयर करते नजर आ रहे हैं। कृति ने इंस्टाग्राम पर पोस्टर साझा किया और लिखा, इस वैलेंटाइन डे, इम्पॉसिबल लव स्टोरी का एक्सपीरियंस करें। शाहिद ने वही पोस्टर शेयर किया और कृति जैसा ही कैप्शन दिया। ऐसा लगता है कि फिल्म का टाइटल सिंगर राघव के इसी नाम के गाने से लिया गया है क्योंकि मोशन पोस्टर के बैकग्राउंड में एक नया वर्जन चल रहा है।

'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की सफलता के बाद इस फिल्म में धर्मेंद्र भी हैं। अपकमिंग फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और आराधना साह ने किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान, ज्योति देशपांडे और लक्ष्मण उतेकर ने किया है।



# अमेरिका में उमराव जान अदा के किरदार को परफॉर्म करेंगी नीतू चंद्रा श्रीवास्तव

मुंबई/वार्ता



जानी मानी अभिनेत्री नीतू चन्द्रा श्रीवास्तव अमेरिका के 10 शहरों में उमराव जान अदा के किरदार को परफॉर्म करेंगी। नीतू चंद्रा श्रीवास्तव इन दिनों संगीत नाटक उमराव जान अदा को लेकर उत्तरी अमेरिका के दौरे पर हैं।यह नाटक मिर्ज़ा हादी रुसवा के उपन्यास पर आधारित है,जिसके निर्देशक राजीव गोस्वामी एवं संगीतकार खय्याम और सलीम सुलेमान है। इस नाटक में नीतू चन्द्रा श्रीवास्तव उमराव जान अदा के किरदार को 10 शहरों में ग्लोबल स्टेज पर परफॉर्म करती नजर आएँगी। नीतू चन्द्रा श्रीवास्तव ने अपने ऑफिसियल एक्स (ट्विटर) हैंडल पर लिखा कि मैं इसको लेकर बेहद उत्साहित हूं।अब आप सबों की शुभकामनाओं की जरूरत है। नीतू चन्द्रा श्रीवास्तव ने अपनी तस्वीर के साथ लिखा कि यह मेरे लिए जितना रोमांचक है, उतना ही नर्वस करने वाला भी है। ऐसे में आपकी शुभकामनाओं और आशीर्वाद की जरूरत है। यह आयोजन इसी साल अप्रैल के महीने में अमेरिका के 10 शहरों में आयोजित किये जाने वाले है। शो का ड्यूरेशन 2 घंटे 20 मिनट का होने वाला है और हर शहर में 3 शो आयोजित किया जाएगा।इसका रिहर्सल शुरू है और मैं इसमें व्यस्त हूं।

# काल भैरवा ने 'द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3' में हनुमान चालीसा गाया

मुंबई/वार्ता

जाने-माने गायक-कम्पोजर काल भैरवा ने वेबसीरीज द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3 में हनुमान चालीसा गाया है। द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3 को डिज्नी+ हॉटस्टार के लिये ग्राफिक इंडिया और शरद देवराजन, जीवन जे. कांग और चारुवी अग्रवाल ने बनाया है और इसकी स्ट्रीमिंग 12 जनवरी, 2024 से शुरू होगी। काल भैरवा ने द लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3 के लिये हनुमान चालीसा को अपनी आवाज दी है। काल भैरवा के अलावा पीवीएनएस रोहित, मनोज शर्मा, अरुण कौंडिन्या, हिमाथ मोहम्मद, लोकेश्वर, रवि प्रकाश और साई साकेत ने भी इस गाने को अपनी आवाज दी है। शरद केलकर ने रावण के किरदार को आवाज दी है।

गौरव बैनर्जी, हेड- कंटेन्ट, डिज्नी+ हॉटस्टार एण्ड एचएसएम एंटरटेनमेंट नेटवर्क, डिज्नी स्टार ने कहा, हम म्यूजिक इंडस्ट्री की सबसे मशहूर प्रतिभाओं में से एक काल भैरवा के साथ काम करके बेहद उत्साहित हैं। हम दर्शकों के लिये वह चालीसा लेकर आ रहे हैं, जिसे हर कोई सुनकर बड़ा हुआ है। हमें उम्मीद है कि द लेजेंड ऑफ हनुमान के तीसरे सीजन के लिये हनुमान चालीसा अंश का यह वर्जन



और दिल को छू लेने वाली उसकी मेलोडी भगवान हनुमान के प्रति दर्शकों की आस्था को मजबूत करेगी।''

काल भैरवा ने कहा, ''डिज्नी+ हॉटस्टार पर 'लेजेंड ऑफ हनुमान सीजन 3' के लिये हनुमान चालीसा को गाना और कम्पोज करना एक अलग ही दुनिया में जाने जैसा लगा। वह सपने के जैसा था और हर छंद के साथ भावनाएं जुड़ी थीं। शक्ति से भरे शब्द गूंजने पर समय मानो थम सा गया। इसमें एक अलग तरह का जादू है और नये साल 2024 की शुरूआत के लिये यह बिलकुल सही था। यह सिर्फ सिंगिंग नहीं थी, बल्कि ऐसा लग रहा था जैसे आप किसी महत्वपूर्ण शुरूआत को एक अलग आयाम दे रहे हों।

ग्राफिक इंडिया के को-फाउंडर एवं सीईओ और द लेजेंड ऑफ हनुमान (सीजन 1, 2 और 3) के क्रिएटर तथा एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर शरद देवराजन ने कहा, काल भैरवा द्वारा हनुमान चालीसा अंश को गाया जाना इस सीजन के लिये परफेक्ट था। यह चालीसा शक्ति, साहस और मजबूती देता है और 'द लेजेंड ऑफ हनुमान' उसी का मूर्त रूप है। संगीत उद्योग से आने वाले, काल भैरवा जैसे प्रतिभाशाली और जाने-माने कलाकार को डिज्नी+ हॉटस्टार की सीरीज के लिये लाना हमारे लिये गर्व और आनंद का क्षण था। यह प्रशंसकों की चहेती सीरीज है और हम बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि हमारे सभी दर्शक इस वर्जन का आनंद लें!

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के मेवाड़ भवन में सुनीलकुमार अनिलकुमार नंदावत व प्रकाश सुरेश व नवरतमल पोखरणा परिवार की ओर से राजस्थान सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र के नए विधायक लादूलाल पितलिया का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।



# लंदनः राजनाथ सिंह ने बीएपीएस मंदिर में दर्शन किए, कहा- 'यहां अत्यंत शांति का अनुभव हुआ'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लंदन/दक्षिण भारत। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को लंदन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में दर्शन किए। उनके साथ ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी और रक्षा मंत्रालय का एक प्रतिनिधिमंडल भी था।

इस अवसर पर बीएपीएस यूके और यूरोप के प्रमुख स्वामी योगविवेकदास महाराज और मंदिर के ट्रस्टीगण ने उनका स्वागत किया। इसके बाद रक्षा मंत्री ने परिसर का भ्रमण किया और मंदिर की वास्तुकला का अवलोकन किया। इस दौरान एक बैठक भी हुई, जिसमें आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजदूत के रूप में मंदिर की भूमिका और कालातीत भारतीय मूल्यों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता पर चर्चा की गई।

मंदिर-दर्शन और यात्रा-अनुभव के बारे में अपने विचार साझा करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, 'मुझे लंदन में बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में अत्यंत शांति का अनुभव हुआ है। मैंने प्रार्थना की है कि पूरी तरह अहंकार-रहित रह सकूं। सनातन धर्म के प्रभाव से व्यक्ति का अहंकार नष्ट हो जाता है, ऐसा ईश्वर की कृपा से ही होता है। यह वह अनुभव है, जो मुझे यहां मिला।' बीएपीएस यूके और यूरोप के अध्यक्ष जीतू पटेल ने राजनाथ सिंह को धन्यवाद दिया।



# प्रभु भक्ति से ही जीवन का कल्याण संभव : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अरसीकेरे। यहां के वासुपुज्यस्वामी जैन श्वेताम्बर संघ में विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु भक्ति से अच्छा कोई भी कार्य नहीं है। हमें प्रभु प्रतिमा के समक्ष ध्यान लगाकर प्रभु से रीत लगानी चाहिए। मोबाइल पर समय गंवाने से अच्छा है कि हम प्रभु से अपना कनेक्शन कर ले। व्यक्ति यदि अपने आप में परिवर्तन ले आए और प्रभु के ओर एक कदम बढ़ाए तो प्रभु अवश्य ही उसका हाथ थामेंगे तथा उसके जीवन में परिवर्तन आएगा। जीवन कल्याण के लिए ग्रन्थों को पढने की रुचि पैदा कीजिए अथवा संतों से ग्रन्थों क़ी सारभूत बातें सुनिए। आप संसारिक कार्यो की व्यस्तता से निकलकर थोडा वक्त ग्रन्थ पढ़ने और ग्रन्थ सुनने का लिए भी निकालिए ।



# राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं भारतीय भाषाओं पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय क्रिस्तु जयंती महाविद्यालय (स्वायत्त) में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और भारतीय भाषाएँ' विषय पर 'त्रिदिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद' का हुआ। यह राष्ट्रीय परिसंवाद केंद्रीय हिंदी निदेशालय, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली, क्रिस्तु जयंती महाविद्यालय (स्वायत्त) बेंगलूरु हिन्दी अध्ययन विभाग तथा कर्नाटक राज्य विश्वविद्यालय कॉलेज हिन्दी प्राध्यापक संघ, बेंगलूरु के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र में उप-निदेशक, केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली से डॉ.अनिता डगोरे ने उद्घाटन करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में प्राथमिक शिक्षा से लेकर विश्वविद्यालय शिक्षा तक विस्तार से प्रकाश डाला है। क्रिस्तु जयंती महाविद्यालय के प्राचार्य रेवरेंड फादर डॉ. अगस्टीन जॉर्ज ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।कर्नाटक राज्य विश्वविद्यालय कॉलेज हिन्दी प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष डॉ एस ए मंजुनाथ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीय भाषाओं की आवश्यकता एवं रोजगार पर विस्तार से प्रकाश डाला।

क्रिस्तु जंयती महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ श्रीधर पी डी ने स्वागत भाषण दिया। प्रोफेसर डॉ.मोहम्मद नयाज पाशा ने की-नोट व्याख्यान दिया। संचालन प्रो. विनोद बाबूराव मेघशाम, सहायक प्राध्यापक गणशेतवार साईनाथ नागनाथ ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस राष्ट्रीय परिसंवाद में विविध राज्यों से आए अन्य विद्वानों प्रो हितेंद्र कुमार मिश्र, डॉ विकास दवे, डॉ मोहनदास नैमिशराय, प्रो अरुण कुमार पांडेय, डॉ सुखदेव सिंह मिन्हास, डॉ राधाकृष्णन पी ए ने भाग लिया। आयोजन समिति के रूप में क्रिस्तु जयंती महाविद्यालय हिंदी विभाग के सभी प्राध्यापक प्रो. विनोद बाबूराव मेघश्याम, डॉ मोहम्मद नयाज पाशा, डॉ एम अब्दुल रजाक, डॉ गणशेटवार साईनाथ नागनाथ, डॉ कृष्णा डी लमाणी उपस्थित थे। कार्यक्रम बहुत सक्रिय एवं सुचारू रूप से समाप्त हुआ।



# जीतो साउथ महिलाओं ने सुन्दर व्यक्तित्व निर्माण के लिए सीखे मेकअप के गुर

## दो दिवसीय मेकअप कार्यशाला का आयोजन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । जीतो लेडीज़ विंग साउथ द्वारा कौशल विकास अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय मेकअप कार्यशाला का आयोजन जीतो कार्यालय चामराजपेट में किया गया, जिसमें 36 महिला सदस्याओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए लेडीज विंग महामंत्री मोनिका पिरगल ने कहा की हम सभी महिलाओं के लिए अपने आप की अच्छी प्रस्तुति व रुपरंग का सलीके से प्रदर्शन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए हमें मेकअप करना सीखना आवश्यक है ताकि हम एक सुंदर व्यक्तित्व का निर्माण कर सकते है। चेयरपर्सन सुनीता गांधी ने उपस्थित सभी सदस्याओं का स्वागत करते हुए कहा कि महिलाओं को खुद को अच्छा दिखने का बहुत ही चाव होता है। दिन तथा रात के मेकअप में भी भिन्नता होती हैं। अतः इस अंतर को कार्यशाला के माध्यम से ही सीखा जा सकता है। पूर्व चेयरपर्सन पिंकी जैन ने सभी सदस्याओं को प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम की व्यवस्था परियोजना संयोजक निधि पालरेचा एवं सह संयोजक प्रिया गांधी ने संभाली तथा प्रशिक्षिका नम्रता जैन का परिचय दिया। मेकअप कार्यशाला प्रशिक्षक नम्रता जैन ने महिलाओं को बताया की 35 वर्ष की उम्र पार करने के बाद हमें भिन्न भिन्न प्रकार के मेकअप की जरूरत होती हैं। सर्दी एवं गर्मी में अलग अलग तरीके से उत्पादों के माध्यम से रूप निखारा जा सकता है। उन्होंने मेकअप के उत्पादों व उनकी उपलब्धा व उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने करिश्मा जैन के चेहरे पर मेकअप करके बताया तथा मेकअप टिप्स, विभिन्न प्रकार की हेयर स्टाइल, साड़ी एवं ओढ़ना पहनने के अलग अलग तरीके सिखाए। इस अवसर पर लेडीज़ विंग उपाध्यक्ष बबिता रायसोनी, प्रभा गुलेच्छा, सहमंत्री नीलम ललवानी व संगीता पारख, राशि जैन, साक्षी जैन, अस्मिता चौहान, बिंदु मेहता, सविता पोरवाल, रेशमा बडोला, निशा तुकलिया, नीतू जैन आदि उपस्थित रहीं।

# पारसमल बने पगारिया भाईपा के नए अध्यक्ष, अरविंद बने महामंत्री

## कन्याकुमारी में सम्पन्न हुआ पगारिया भाईपा परिवार का स्नेह मिलन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





बेंगलूरु। स्थानीय पगारिया भाईपा परिवार कर्नाटक का नववर्ष स्नेह मिलन कन्याकुमारी में सम्पन्न हुआ जिसमें भाईपा परिवार के अनेक सदस्यों ने आनंद एवं उल्लास के साथ भाग लिया। स्नेह मिलन के दौरान साधारण सभा का आयोजन किया गया जिसमें परिवार के अध्यक्ष सुमतिलाल पगारिया द्वारा अध्यक्षीय भाषण व स्वागत किया। मंत्री अरविंद कोठारी ने गत दो वर्षो की गतिविधियों की जानकारी दी। परिवार के कोषाध्यक्ष पारसमल पगारिया द्वारा गत वर्ष का आय व्यय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात सर्व सहमति से मीठालाल पगारिया मैसूर निवासी को चेयरमैन, पारसमल पगारिया को अध्यक्ष, अरविंदकुमार पगारिया कोठारी को महामंत्री एवं गुलाबचंद पगारिया, महेंद्रकुमार, अचलचंद, संभवकुमार, महावीरचंद, प्रतीकचंद पगारिया को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। सुमतिलाल पगारिया, पन्नालाल पगारिया कोठारी एवं दिलीप पगारिया को सलाहकार नियुक्त किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष सुमतिलाल पगारिया ने उनके कार्यकाल के दौरान सभी सदस्यों द्वारा प्राप्त सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।



# मेरी जीत का श्रेय सहाड़ा निवासियों और मेवाड़ प्रवासियों को : विधायक लादूलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मंगलवार को शहर के मेवाड़ भवन में नंदावत व पोखरणा परिवार की ओर से राजस्थान के सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र से विजयी हुए नए विधायक लादूलाल पितलिया का सम्मान समारोह का आयोजित किया गया। अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद लहरसिंह सिरोया उपस्थित थे। विधायक बनकर पहली बार बेंगलूरु आए लादूलाल पितलिया ने अपनी जीत का श्रेय सहाड़ा की जनता व मेवाड़ प्रवासियों को दिया।पितलिया ने कहा कि उनकी जीत जनता व गौमाता की सेवा के लिए हुई है। उन्होंने अपने अग्रज शांतिलाल पितलिया व अन्य परिवारजनों के सहयोग को याद करते हुए कहा कि मुझे आप लोगों के सहयोग से जनता की सेवा करने का मौका मिला है और मैं जीवनपर्यंत सेवाकार्य करता रहूंगा। उन्होंने उपस्थित सभी प्रवासियों को आश्वासन दिया कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र में गोचर जमीन की रक्षा करेंगे, गोचर जमीन पर हुए अतिक्रमण को हटाएंगे तथा क्षेत्र में चल रही अवैध शराब की भट्टियों को भी हटाएंगे।

गत दिनों राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव में भारी मतों से विजय होकर विधायक बने लादूलाल पितलिया को शुभकामनाएं देते हुए कर्नाटक से राज्यसभा सांसद लहरसिंह सिरोया ने कहा कि लादूलाल को सेवा कार्य व गौमाता की सेवा का प्रतिफल मिला है। उनकी जीत मदारिया समाज के लिए गौरव का विषय है। सिरोया ने कहा कि हमें अपने अपने परिवार व समाज के युवाओं को प्रोत्साहन व महत्त्व देना चाहिए ताकि वे राजनीति व अन्य क्षेत्र में आगे आ सकें। सिरोया ने कहा कि हमें सबसे पहले हमें स्वयं को तवज्जो देनी होगी तभी दूसरे लोग उनके बारे में सोचेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाला युग महिलाओं का युग है और हमें महिलाओं को मुख्य धारा से जोड़ना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए नेहा पोखरना ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी तथा अजय पोखरना ने अतिथि विधायक का परिचय दिया। विनोद नंदावत ने सभी का स्वागत किया तथा कुलदीप नंदावत ने अंत में धन्यवाद दिया। इस मौके पर बेंगलूरु की विभिन्न सभा संस्था जैसे साधुमार्गी जैन संघ, जैन युवा संगठन व ट्रस्ट, कर्नाटक जैन कॉन्फ्रेन्स, तेरापंथ सभा यशवंतपुर, गांधीनगर, स्थानकवासी जैन संघ गंगानगर संघ, संजयनगर संघ, यशवंतपुर संघ, मेवाड़ ओसवाल साजनान संघ सहित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने विधायक लादूलाल पितलिया का सम्मान किया।



# केन्द्रीय रेशम बोर्ड में 'विश्व हिन्दी दिवस' पर राजभाषा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केन्द्रीय रेशम बोर्ड के स्थापना के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दी दिवस' के अवसर पर राजभाषा सम्मेलन एवं कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। सहायक निदेशक राजभाषा मीना कामत ने सम्मेलन में सभी अतिथियों का स्वागत किया। सम्मेलन की अध्यक्षता केन्द्रीय रेशम बोर्ड की निदेशक डॉ. मंदिरामूर्ति सहित अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्ञवलित कर राजभाषा सम्मेलन एवं कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस सम्मेलन में बोर्ड एवं उसके अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सम्मेलन के पहले सत्र में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की वरिष्ठ राजभाषा प्रबंधक अर्चना उपाध्याय ने राजभाषा कार्यान्वयन में ई-टूल्स का प्रयोग के विषय पर अपना व्याख्यान दिया। दूसरे सत्र में सेवानिवृत उपनिदेशक(राभा) विजय कुमार ने कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन विषय पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों के कार्यालय में कार्य करने संबंधी संदेह के निवारण के उपाय बताए। दोपहर के सत्र में कवि सम्मेलन में कवि सुनील तरूण, सहायक निदेशक ललनकुमार चौबे आदि ने अपनी काव्य प्रस्तुतियां दी। अंत में कनिष्ठ अनुवादक (हिन्दी)जनार्दन तिवारी ने धन्यवाद दिया।

# 'महिलाओं के कल्याण के लिए कई कदम उठा रहे हैं मोदी'

करीमनगर (तेलंगाना)/भाषा। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं और वह भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। करीमनगर जिले के कोंडापलकला गांव में मंगलवार को ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए कदम उठाए गए हैं। चौहान ने कहा, एक ओर जहां शक्तिशाली, समृद्ध और खुशहाल भारत विकसित किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर महिलाओं, गरीबों और युवाओं के हित को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक प्रगति के मामले में भारत दुनिया में पांचवें स्थान पर है।

# सत्संग मन के मैल को धोने का काम करता है : महात्मा मुक्ताबाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। 'राम घट घट के वासी है लेकिन दुनियां के लोग उन्हें बाहर ढूंढने मे लगे हुए है तो सफ़लता कैसे मिलेगी। भीतर रमण करने वाले राम से समय के सदगुरु मिलाते है। जब तक मानव को अपने हृदय में बसे हुए राम से मिलने की युक्ति नहीं प्राप्त होगी वह भटकता रहेगा। इस दुविधा से निकलने मे सच्चे संत मानव को राह दिखाते है परंतु कलियुग के प्रभाव से आज सद्ग्रंथो की वाणी लुप्त हो रही है।' यह विचार महात्मा मुक्ताबाईजी ने लिंगराजपुरम बडेर में एक दिवसीय संत सम्मेलन मे व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सत्संग मन के मैल को धोने का काम करता है। सत्संग द्वारा मनुष्य को विवेक प्राप्त होता है जिससे वह सही गलत का निर्णय करने मे सक्षम बनता है। जिस अनमोल मानव देह को पाने के लिए देवता भी ईश्वर से प्रार्थना करते है वह अमूल्य देह यदि हमें मिली है तो उसका लक्ष्य भी जानना चाहिए। महात्मा सौम्यानंदजी ने कहा कि मोह सभी बीमारियों की जड़ है इसी से मानव दुखों को प्राप्त होता है। सदगुरु ज्ञान द्वारा उस मोह को नष्ट करते है। लेकिन वह तत्व ज्ञान सदगुरु की शरणागति से ही प्राप्त किया जाता है। जब तक अपने हृदय में स्थित ईश्वर से साक्षात्कार नहीं हो जाता है तब तक यह मन शांति को प्राप्त नही हो सकता है, क्योंकि मन ही मनुष्य के बंधन व मोक्ष का कारण माना गया है।

महात्मा भावनानंदजी ने नवधा भक्ति पर प्रकाश डालते हुए संतों के संग को भक्ति की पहली सीढ़ी बताया। महात्मा ज्ञानेश्वरीबाईजी ने कहा कि जीवन में जब तक सच्चे सदगुरु की प्राप्ति नहीं हो जाती है तब तक जीव इस मोह माया के अंधकार में भटकता रहता है। इस अवसर पर महात्मा आत्मवेदांतानंदजी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रेमकिशोर ने संतो के महत्व पर प्रकाश डाला। नारायणलाल चोयल, जोगाराम परिहार, सुमेर सिंह, संतोष भाई, सत्यनारायण पंवार ने भक्ति भजनों की प्रस्तुतियां दी। नारायणलाल परिहार, अनिल पटेल, दिलीप पंवार, भवरलाल प्रजापत, भंवरलाल हांबड़, कंचन वैष्णव, रमेश गहलोत, वसंता बर्फा ने संतों का स्वागत किया।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक
www.dakshinbharat.com

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## अन्नदान



बेंगलूरु के शनेश्वरस्वामी आदिशक्ति रेणुकादेवी यल्लम्मा देवस्थान आदर्शनगर द्वारा देवी मां पूजा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर देवी मां के दर्शन किए। मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने देवी मां की विशेष पूजा अर्चना कर अन्नदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com